हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## 18 करोड़ खर्च होंगे, टेंडर हो चुका एग्रो स्टील वर्क को मिला काम



# खारुन पर स्टील का ओवरब्रिज, रायपुर अमलेश्वर का ट्रैफिक लोड होगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के महादेवघाट पर जल्द ही नया ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू होगा। यह ओवरब्रिज रायपुर-अमलेश्वर को जोड़ने नदी से गुजरे पुराना ओवरब्रिज के बगल में ही बनाया जाएगा। यह ब्रिज पुराने ब्रिज से काफी आकर्षक और मजबूत होगा। इस ब्रिज को पुराने ब्रिज से 6 मीटर ऊंचा तथा पूरी तरह से स्टील से बनाया जाएगा। इस ब्रिज के बनने से रायपुर से अमलेश्वर-पाटन आना-जाना करने वाले लाखों लोगों को राहत मिलेगी। इकलौता ओवरब्रिज होने के कारण अब तक इस मार्ग पर गाड़ियों का दिनभर दबाव बना रहता है, लेकिन नए ब्रिज के बन जाने से यह दबाव भी कम होगा।

### 18.66 करोड़ की लागत से बनेगा नया ब्रिज

महादेव घाट पर नया ओवरब्रिज निर्माण के लिए शासन ने 18 करोड़ 66 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इस स्वीकृति के बाद लोक निर्माण एजेंसी ने नए ओवरब्रिज के निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी किया था। इसके तहत विभाग ने दिसंबर में टेंडर भी निकाला था। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह टेंडर एग्रो स्टील वर्क कंपनी को जारी हुआ है, लेकिन इसका वर्क ऑर्डर अब तक जारी नहीं हुआ है। वर्क ऑर्डर जारी होते ही इसके निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

### फोरलेन ओवरब्रिज की लंबाई 180 मीटर एवं चौड़ाई 17 मीटर होगी

*जारी किए टेंडर के अनुसार फोरलेन नए ओवरब्रिज की लंबाई 180 मीटर और चौड़ाई करीब 17 मीटर होगी। ओवरब्रिज पूरी तरह से स्टील का होगा, इसलिए इसके निर्माण के लिए भी करीब 18 माह की समयसीमा तय की गई है। इसमें बारिश के महीने भी शामिल हैं। इस तरह निर्माण एजेंसी को किसी भी स्थिति में 18 महीने के भीतर इस ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करना होगा।*

### लोगों का 20 मिनट तक बचेगा समय

*नया ओवरब्रिज बनने से रायपुर से अमलेश्वर आना-जाना करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। अभी तक इस मार्ग पर सालों पहले बना इकलौता पुल होने के कारण गाड़ियों का यहां दबाव भी बना रहता है, जिसके कारण सुबह 9 से लेकर शाम 6 बजे तक इस ब्रिज पर गाड़ियों का दिनभर दबाव बना रहता है। खासकर सुबह और शाम के समय पुल पर कई बार जाम भी लगता है। गणेश चतुर्थी, दुर्गा उत्सव, महादेवघाट पर लगने वाले मेला आदि त्योहार के दौरान यहां अक्सर जाम की स्थिति रहती है। इसके कारण लोगों को इस पुल से गुजरने में कई मिनट या घंटाभर फंसना पड़ता है, लेकिन नए ओवरब्रिज के बन जाने के बाद इससे काफी राहत मिलेगी।*

## खबर संक्षेप

### तीन ड्रग तस्करों को सजा

**रायपुर।** मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले तीन ड्रग तस्करों को कोर्ट ने 10-10 तथा छह साल कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के मामले में एहसान खान उर्फ अहसान, सरफराज उर्फ शहारुख खान को 10-10 तथा खमतराई थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले में रत्नेश सोनी को छह साल तथा 60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने एहसान तथा सरफराज के कब्जे से वर्ष 2022 में 144-144 नशीली गोली तथा रत्नेश के कब्जा से पांच किलो गांजा जब्त किया था।

### रोड सेफ्टी के लिए कृषि महाविद्यालय में जागरूकता

**रायपुर।** रोड सेफ्टी के लिए चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के ऑन रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोहर सप्रे कृषि महाविद्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने छात्र-छात्राओं को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया। उनके साथ अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर, ट्रैफिक डीआईजी एमआर अहीरे, एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के साथ अन्य ट्रैफिक पुलिस के अफसर उपस्थित रहे।

### शराब तस्करी करते तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली थाने की पुलिस ने तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 48 हजार रुपए कीमत की 480 पौवा देशी शराब जब्त की है। पूछताछ में तस्करों ने हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया का होना बताया। शराब तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने गोपी सागर, नरेन्द्र सागर तथा विक्की बेहरा उर्फ उमेश को गिरफ्तार किया है। मुकेश आबकारी तथा नारकोटिक्स एक्ट के मामले में फरार चल रहा है। तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने मुकेश की खोजबीन तेज कर दी है।

### फूड डिलीवरी ब्वाय के साथ लूट, शिकायत दर्ज

**रायपुर।** विधानसभा थाना में एक फूड डिलीवरी ब्वाय ने अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। टिकरापारा, भैरव नगर निवासी तोष कुमार यादव ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। तोष ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात दो व्यक्तियों ने स्विगी में फूड डिलीवरी करने का आर्डर दिया था। आर्डर के बाद वह बताए गए पता बाजार चौक, सड्डू पहुंचा। बदमाशों ने फूड डिलीवरी ब्वाय को आर्डर कैंसिल करने के नाम पर चाकू की नोक पर धमकाते हुए नकदी पांच सौ रुपए तथा मोबाइल लूट लिया।

### श्रम विभाग के अधिकारी से आरटीओ चालान के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** पंडरी थाना में श्रम विभाग के एक अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफ आरटीओ चालान के नाम पर एक लाख 98 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोका रतन निवासी करुणाकरण मोहंती ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारी ने पुलिस को बताया है कि उसके पास पिछले महीने आरटीओ ई-चालान के नाम से अज्ञात नंबर से एपीके फाइल आई, जिसे डाउनलोड करने पर उसके अकाउंट से अज्ञात जालसाज ने रुपए आहरण कर ठगी की।

## जांच रिपोर्ट में 140 से ज्यादा पाई गई थीं बड़ी गड़बड़ियां, इनमें कितनों का किया निराकरण, इसका खुलासा भी नहीं

# मास्टर प्लान 2031 डंप, जांच हुए बीत गए 15 माह गड़बड़ियां सुधारने का दावा, पर लागू अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले में लागू होने वाला संशोधित मास्टर प्लान 2031 डंप हो गया है। वर्ष 2023 में तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में लागू हुए नए मास्टर प्लान में थोक में छोटी-बड़ी गड़बड़ियां पाई गई थीं, जिसका खुलासा शासन स्तर पर गठित की गई जांच कमेटी की रिपोर्ट में हुआ था। इस रिपोर्ट में बड़ी गड़बड़ियां ही 140 से अधिक बताई गई थीं, जिसका निराकरण करने के बाद संशोधित मास्टर प्लान को लागू किया जाना था, लेकिन इसकी जांच हुए 15 महीने बीत चुके हैं। इस जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर परीक्षण कर गड़बड़ियों का निराकरण भी कर दिया है, जिसकी जानकारी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अफसर करीब 3 माह पूर्व दे चुके हैं, बावजूद अब तक संशोधित मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अफसरों का कहना है कि संशोधित मास्टर प्लान को लागू करने शासन स्तर पर ही आदेश होना है। आदेश जारी होते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।



### आदेश मिलते ही लागू करेंगे

मास्टर प्लान 2031 की गड़बड़ियों की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर परीक्षण हो चुका है। कई गड़बड़ियों का निराकरण भी हुआ है। शासन से आदेश मिलते ही लागू किया जाएगा।

- **विनीत नायर**, संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### 76 सड़कों में भी गड़बड़ी, घटा दी चौड़ाई

नए मास्टर प्लान में नई सड़कों के साथ पुरानी सड़कों की चौड़ाई में भी गड़बड़ी की गई हैं। इनमें जहां सड़क की चौड़ाई की जरूरत नहीं है, वहां स्वीकृति दे दी गई है। एक-दो नई सड़क को निजी मकान से निकालना बता दिया है, वहीं 28 से अधिक पुरानी सड़कें जिनकी चौड़ाई वर्ष 2021 के मास्टर प्लान में तय की गई थी, उनकी चौड़ाई ही घटा दी गई है। ये पुरानी सड़कें नए मास्टर प्लान में शामिल हैं।

### परीक्षण करने के बाद गड़बड़ियों का निराकरण करने का आदेश



कमेटी की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन भी हो चुका है। मंत्री ओपी चौधरी और उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में जांच रिपोर्ट का प्रेजेंटेशन दिया गया था। इसके आधार पर गड़बड़ियों का निराकरण करने के आदेश भी दिए गए थे। इस आदेश के तहत गड़बड़ियों का निराकरण किया गया है, लेकिन किस तरह की और कौन-कौन सी गड़बड़ियों का निराकरण हुआ है। इसका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है।

### 6 बिंदुओं पर कमेटी ने की थी जांच

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर ने वर्ष 2031 के लिए मास्टर प्लान तैयार किया था, जो तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में 2023 से लागू है। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता बदलने के बाद मास्टर प्लान में थोक में गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें मिलने लगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए मास्टर प्लान के लागू होने से पहले आई दावा-आपत्तियों की एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराई, जिसमें जिला के विभिन्न विभागों के साथ संचालनालय स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया था। इस कमेटी ने 6 बिंदुओं पर इन गड़बड़ियों की जांच की। इसमें शिकायत, सड़क, तालाब, लैंड यूज एवं असंगत-अकार्यक्षम भूमि का उपयोग शामिल है। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही 170 से अधिक गड़बड़ियां पाई गईं। इन गड़बड़ियों की दोबारा बारीकी से जांच की गई, जिसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई।

### दोबारा होनी थी दावा-आपत्तियों पर सुनवाई

नये मास्टर प्लान के लागू होने से कांग्रेस शासनकाल में दावा-आपत्तियां मंगाई गई थी। कुल 1432 दावा-आपत्तियां आई भी थीं, जिसके लिए सुनवाई भी रखी गई थी, लेकिन सुनवाई में इन दावा-आपत्तियों का निराकरण किए बगैर लागू कर दिया था। इधर संशोधित मास्टर लागू करने से पहले भी अफसरों द्वारा करीब 463 आपत्तियों पर दोबारा सुनवाई कर निराकरण करने की बात कही जा रही थी, लेकिन बाद में अचानक कमेटी बनाकर गड़बड़ियों की जांच करा दी।

### आदेश मिलते ही लागू करेंगे

मास्टर प्लान 2031 की गड़बड़ियों की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर परीक्षण हो चुका है। कई गड़बड़ियों का निराकरण भी हुआ है। शासन से आदेश मिलते ही लागू किया जाएगा।

- **विनीत नायर**, संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### बस्ती को तालाब, कहीं तालाब में बस्ती बसा दी गई थी

मास्टर प्लान 2031 में कई तरह की बड़ी गड़बड़ी की गई थी। नक्शे में जहां जिस जगह पर तालाब है, वहां बस्ती या खाली भूमि बता दिया गया है, वहीं जहां बस्ती, आबादी बसी हुई उस जगह को तालाब बता दिया है। इसी प्रकार कृषि भूमि को मिश्रित, आवासीय तो आवासीय भूमि को कृषि या मिश्रित बता दिया गया है। यह सभी गड़बड़ियां पुराने सेटेलाइट नक्शा के कारण हुई है, क्योंकि नए मास्टर प्लान को तैयार पुराने सेटेलाइट नक्शा के आधार पर ही बनाया गया है, जबकि होना यह था कि पहले सेटेलाइट नक्शा को अपडेट किया जाना है। इसे अपडेट किए बिना ही इसी के आधार पर नया मास्टर प्लान तैयार कर दिया।

# भाजपा विधायक के बेटे ने कार से बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अग्रसेन धाम के पास भाजपा विधायक के बेटे ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक चालक अपनी बाइक से उछलकर सड़क से दूर जा गिरा। कार की ठोकर लगने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार डीकेएस अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है, कार में एक युवती भी सवार थी।

कार की ठोकर लगने से तेलीबांधा निवासी त्रिभुवन सिंह घायल हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार त्रिफुवन अग्रसेन चौक के पास से गुजर रहा था, तभी तेज ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पुलिस कर रही पूछताछ

घटना स्थल से भाग जाने के बाद पुलिस घटना स्थल पर उपस्थित लोगों के बयान के आधार पर कार चला रहे भाजपा विधायक के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कार चला रहे युवक का नाम लक्की सिंह बताया जा रहा है। लक्की सिंह सरगुजा विधायक रेणुका सिंह का बेटा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवार नशे में थे। कार चला रहे युवक तथा कार में सवार लोगों के पुलिस ने नशे में होने की पुष्टि नहीं की है। कार सरगुजा के कौशलपुर निवासी जयप्रकाश उपाध्याय के नाम पर रजिस्टर्ड है।

### त्रिभुवन डीजे बजाकर लौट रहा था

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक त्रिभुवन किसी कार्यक्रम में डीजी बजाने छेरीखेड़ी गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने साथियों के साथ छेरीखेड़ी से लौट रहा था। इस दौरान हादसा हुआ।

# जेल में की खुदकुशी, गमछे के साथ पेड़ से लटका बंदी

## सीसीटीवी में कैद, जमकर हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जेल में रविवार देर शाम रेप के एक विचाराधीन बंदी ने जेल परिसर के पीपल पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। विचाराधीन बंदी के खुदकुशी करने की घटना के बाद जेल प्रशासन ने मौके पर तैनात उल्लास वर्मा को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। किशोरी से रेप के आरोप में जेल में बंद विचाराधीन बंदी कोतवाली निवासी सुनील महानंद (30) ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। गंज थाने की पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जेल प्रशासन के ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बंदी के साथ प्रहरी करते हैं पैसों की मांग

जेल से छूटकर आए अलग-अलग लोगों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि कोई किसी आरोप में जेल जाता है, इसके बाद आरोपी को बैरक में रखने से लेकर रात में सोने देने के साथ अन्य सुविधाओं के नाम पर जेल प्रहरी, वार्डन के साथ नंबरदार तथा अन्य बंदियों की हैसियत के हिसाब से पैसों की मांग करते हैं।

### न्यायिक जांच कराई जाएगी

मामले को गंभीरता से लिया गया है। घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

- **योगेश सिंह क्षत्री**, जेल अधीक्षक, सेंट्रल जेल, रायपुर

### एक करोड़ मुआवजा की मांग



केंद्रीय जेल में विचाराधीन बंदी की खुदकुशी करने की घटना को लेकर गांड़ा समाज के नेताओ ने आक्रोष व्यक्त करते हुए घटना की जांच करने की मांग करते हुए साजिश का आरोप लगाया है। सामाजिक कार्यकर्ता भगवानू नायक किशोर महानंद, राधेश्याम विभार सहित समाज के नेताओं ने मृतक के परिजनों को शासन द्वारा एक करोड़ रुपए मुआवाजा दिलाए जाने की मांग की है। समाज के नेताओं ने परिजनों को बगैर सूचना दिए सुनील महानंद की पोस्टमार्टम कराने का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा महिला रायगढ़ धरमजयगढ़ की रहने वाली

# बच्चा चोरी करने की आशंका में विक्षिप्त महिला की बुरी तरह से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में सोमवार को बच्चा चोरी करने के आरोप में एक महिला की स्थानीय रहवासियों ने बुरी तरह से पिटाई कर दी। मारपीट से घायल महिला को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। महिला द्वारा बच्चा चोरी करने की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। महिला की पिटाई का कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में



वायरल कर दिया। पुलिस के अनुसार महिला को एक व्यक्ति ने अपने छोटे बेटे के साथ बातचीत करते देखा। इसके बाद उसे महिला पर बच्चा चोरी करने का ▶▶| शेष पेज 13 पर

### महिला रायगढ़ जिला की रहने वाली


महिला की मनोदशा देख कर पुलिस उसके मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की आशंका व्यक्त कर रही है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम राजमती निवासी बाजापाली, धरमजयगढ़ होना बता रही है। इससे ज्यादा महिला पुलिस को कुछ और नहीं बता पा रही है। मारपीट की घटना से महिला बुरी तरह से डरी हुई है। महिला के स्वस्थ होने पर पुलिस उससे पूछताछ कर आगे की जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

# शीतलहर के रूप में लौटेगी ठंड, तीन दिन के लिए जारी हुआ यलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- उत्तरी और मध्य हिस्सा होगा प्रभावित, कोहरा भी छाएगा

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ठंड की शीतलहर के रूप में वापसी होगी। अगले तीन दिन के लिए मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा यलो अलर्ट जारी किया गया है। ठंड का प्रकोप राज्य के उत्तरी के साथ मध्य हिस्से में होगा। इस दौरान कुछ



इलाकों में गहरा धुंध अथवा कोहरा छाने की उम्मीद भी है। पिछले तीन दिन से राज्य में आने वाली नमी युक्त हवाओं ▶▶| शेष पेज 13 पर

## विद्यालय असमंजस में, पूछ रहे- प्रैक्टिल परीक्षा लें अथवा प्री बोर्ड

# एक दिन में दो परीक्षाएं ! माशिम ने कहा-20 जनवरी तक प्रायोगिक लें, इन्हीं तिथियों में प्री बोर्ड लेने डीपीआई का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रायोगिक परीक्षा लेने शिक्षकों को जाना होता है दूसरे विद्यालय

प्रदेश के शिक्षकों और प्राचार्यों को जो ना करना पड़ जाए वो कम है। माध्यमिक शिक्षा मंडल और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद अब स्कूलों में एक दिन में दो-दो परीक्षाएं लेने की स्थिति निर्मित हो गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिसंबर माह में ही प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि जारी करते हुए दिशा-निर्देश स्कूलों को दे दिए गए थे। स्कूलों से कहा गया था कि वे 1 से 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न करवाकर अंक



प्रेषित करें। इसी बीच लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्री बोर्ड परीक्षाओं के संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। सभी जिलों से कहा गया है कि वे 15 जनवरी तक प्री बोर्ड परीक्षाएं संपन्न कर रिपोर्ट पेश करें। माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं डीपीआई के तालमेल के अभाव शिक्षकों में तनाव है। आदेश के आधार पर ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बाह्य परीक्षक अनिवार्य

10वीं-12वीं की प्रायोगिक परीक्षाओं में बाह्य परीक्षक अनिवार्य होते हैं अर्थात दूसरे स्कूल के शिक्षक ही प्रायोगिक परीक्षा लेते हैं। यदि शिक्षक प्रायोगिक परीक्षा लेने दूसरे विद्यालय चले जाएंगे तो उनकी कक्षा की परीक्षाएं कौन लेगा तथा उत्तरपुस्तिकाओं की जांच किस तरह से होगी, इसे लेकर भी विद्यालय प्रबंधन तनाव में है। तिथियों में टकराव के कारण दोनों परीक्षा सम्पन्न कराने कार्य दिवस कम पड़ रहा है। इस दोहरे दबाव के कारण शिक्षकों पर मूल्यांकन, परीक्षा संचालन एवं प्रायोगिक अथवा प्रायोजना कार्यों का अतिरिक्त भार बढ़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों में मानसिक तनाव एवं शैक्षणिक दबाव उत्पन्न हो रहा है। पालकों में भी बच्चों के स्वास्थ्य एवं पढ़ाई को लेकर चिंता बढ़ रही है।

### माशिम व डीपीआई में तालमेल नहीं

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने परीक्षा तिथियों में बदलाव की मांग करते हुए कहा, माशिम और डीपीआई के बीच समुचित तालमेल के अभाव का खामियाजा सीधे तौर पर शिक्षक, पालक एवं विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है, डीपीआई द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 15 जनवरी तक आयोजित करने का आदेश जारी किया गया है, जो व्यवहारिक दृष्टि से उचित नहीं है। बाह्य परीक्षक से संपर्क के बाद अधिकतर स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं 5 जनवरी से परीक्षाएं प्रारंभ हुई है। प्रायोजना के लिए अलग समय चाहिए।

# जिला पंचायत, जनपद, सरपंचों का होगा सम्मेलन, वीबी जी राम जी की जानकारी देंगे, मंत्री, सांसद, विधायक भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने भी प्रदेशभर में इस योजना को लेकर जन जागरण चलाने का फैसला किया है। जनवरी में पूरे माह प्रदेश में आयोजन होंगे। इसमें सबसे अहम, जिला पंचायत, जनपद और सरपंचों का सम्मेलन होगा। सम्मेलनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक और सांसद और भाजपा के नेता भी जाएंगे। इसी के साथ सहकारी समितियों में भी आयोजन होंगे। इन सम्मेलनों में मनरेगा की खायिमां और वीबी जी राम जी की खासियतों के बारे में बताया जाएगा।

केंद्र सरकार ने मनरेगा के स्थान पर अब वीबी जी राम जी योजना प्रारंभ की है। इसको लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं।

■ सहकारी समितियों में भी होंगे आयोजन, किसानों से की जाएगी बात




इस योजना का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने इस योजना को लेकर देश के सभी राज्यों में जन जागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। राज्यों में इसके लिए टीम भी बनाई गई है। छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश टोली का गठन किया गया है। इसका प्रदेश संयोजक प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन को बनाया गया है। इसी के साथ सदस्य भी बनाए गए हैं।

### बताएंगे फायदे

एक तरफ जहां प्रदेश सरकार वीबी जी राम जी को लेकर अपनी तरफ से अभियान चलाएगी, वहीं प्रदेश भाजपा संगठन ने भी प्रदेशभर में आयोजन करने की कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के मुताबिक जिला पंचायत स्तर के साथ जनपद स्तर पर सम्मेलन करने के साथ ही सरपंचों का भी सम्मेलन किया जाएगा। अलग-अलग स्थानों में होने वाले सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री भी जाएंगे। इसी के साथ सम्मेलनों में विधायक, सांसद भी जाएंगे। कुछ सम्मेलनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी जाएंगे। इन सम्मेलनों में बताया जाएगा कि केंद्र सरकार जो नई योजना लाई है वह योजना मनरेगा से ज्यादा अच्छी है। मनरेगा योजना की कमियों के साथ नई योजना की खासियतों के बारे में सभी को बताया जाएगा कि इस योजना के लागू होने के किस तरह से फायदा होगा।

## खबर संक्षेप



### जंबूरी के टेंडर में भ्रष्टाचार, कांग्रेस ने की ईओडब्ल्यू में शिकायत

**रायपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने एसीबी/ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम जंबूरी के टेंडर आबंटन में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पीसीसी महामंत्री सुबोध हरितवाल ने बताया कि जंबूरी 2026 जो कि बालोद में 9 जनवरी से होना प्रस्तावित है, का टेंडर पहले 20 दिसंबर को खुलना था, जो गलत तरीके से रद्द हुआ।

### सुचिता योजना में करोड़ों का भ्रष्टाचार : राजपूत

**रायपुर।** कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने सुचिता योजना के तहत सेनेटरी पैड की सप्लाई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से सवाल किया कि कमीशन के लिए बच्चियों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बिना टेंडर प्रक्रिया के 1 करोड़ 13 लाख 75 हजार के आदेश जारी कर दिया गया। यह आदेश कोरिया के फर्नीचर बनाने वाली वंपनी को दिया गया है। जिसको यह जिम्मेदारी दी गई है, उसका काम फर्नीचर निर्माण से जुड़ा हुआ है। क्या कंपनी को सेनेटरी या हाइजीन प्रोडक्ट से जुड़ा पूर्व अनुभव था? हैरानी की बात यह है कि इस कार्य के लिए ना तो जैम पोर्टल के जरिए टेंडर निकला और ना ही ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई गई थी, ऑफलाइन आदेश जारी कर सीधे सप्लाई का काम सौंप दिया गया।

### 297 कुपोषित बच्चों को मिला पोषण सहारा

**रायपुर।** खनन प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने की राज्य शासन की प्रतिबद्धता को रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में साकार रूप मिलता दिखाई दे रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि रायगढ़ के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में की गई योजनाबद्ध पहल ने कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से जूझ रहे बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केन्द्र भवन का निर्माण डीएमएफ मद से निर्माण कर कुपोषण से मुक्त बनाने के लिए क्षेत्र को सौगात दी गई।

## मुख्यमंत्री ने कहा- मनरेगा से बेहतर, अधिक प्रभावी और पारदर्शी

# विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा, यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा, विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है।

मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी।




### भुगतान समय पर नहीं, तो अतिरिक्त राशि

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। उन्होंने कहा,खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों।

### चार क्षेत्रों में विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा।

### मनरेगा को कानून से योजना बना दिया : बैज

मुख्यमंत्री की पत्रकार वार्ता पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, किस नैतिकता से मुख्यमंत्री मनरेगा कानून को बदलने की पैरोकारी कर रहे है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर तथा मनरेगा को कानून से बदल कर योजना बनाकर केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त करने की साजिश रचा है। छत्तीसगढ़ में तो भाजपा की सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम तो लगभग बंद किया जा चुका है। मुख्यमंत्री मनरेगा बंद होने के कारण प्रदेश के मजदूर पलायन कर दूसरे प्रदेश चले गये हैं।



### भर्ती परीक्षाओं में निष्पक्षता और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर प्रदेश में आयोजित हो रही विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध ढंग से संपन्न कराना है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि युवा कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, इसलिए शासन की प्रतिबद्धता है कि उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी भर्ती परीक्षाएँ पारदर्शी ढंग से आयोजित की जाएँ तथा परीक्षा प्रणाली को वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### परीक्षाओं पर न उठे कोई सवाल

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता पर कोई प्रश्नचिह्न न लगे, इसके लिए पारदर्शिता बढ़ाने संबंधी सभी उपायों पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में सुधार सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। इससे राज्य में भर्ती प्रणाली अधिक सरल, न्यायोचित और समयबद्ध बनेगी। बैठक में पुलिस बल सहित विभिन्न विभागों में चल रही भर्ती प्रक्रियाओं की भी समीक्षा की गई और चयन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

### संयुक्त भर्ती परीक्षा पर विचार

बैठक में समान अर्हता वाले पदों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग परीक्षाएं आयोजित किए जाने की वर्तमान व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। समान पात्रता वाले पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा आयोजित करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि विभागों को समय पर मानव संसाधन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### तीन स्वास्थ्य केंद्र को मिला एनक्यूएस सर्टिफिकेट

**रायपुर।** सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुड़दी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गगपल्ली और आयुष्मान आरोग्य मंदिर किस्टाराम को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएस) प्रमाण पत्र दिया गया है। यह उपलब्धि केवल एक सर्टिफिकेट नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रशासन 'अंतिम व्यक्ति' तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने के अपने संकल्प को सिद्ध कर रहा है। सुकमा जैसे संवेदनशील जिले में, जहाँ भौगोलिक परिस्थितियाँ और सुरक्षा की चुनौतियाँ अक्सर बाधा बनती हैं, वहां के स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

### कलेक्टोरेट में रोज लग रहा जाम



**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर में एसएसपी कार्यालय भवन के टूटने के बाद कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके कारण अब कलेक्टोरेट परिसर में पार्किंग व्यवस्था भी चरमरा गई है। कलेक्टोरेट परिसर में विभिन्न विभागों के अफसरों के अलावा बाहरी व्यक्ति भी चार पहिया वाहन को परिसर में पार्क कर रहे हैं। इसके कारण यहां अब जाम की स्थिति बन रही है, जबकि बाहरी वाहन के लिए कलेक्टोरेट के पास ही मल्टीलेवल पार्किंग बनी हुई है। इस पार्किंग का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

## नए बजट पर आज से मंत्री स्तरीय चर्चा

# सीएम साय के विभागों की चर्चा का समय अभी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026-27 का बजट बनाने की प्रक्रिया अंतिम और निर्णायक दौर में आ पहुंची है। अब से पहले महीनों से विभागाध्यक्ष से लेकर सचिव स्तरीय बजट चर्चा के बाद अब बारी है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा की। यह चर्चा 6 जनवरी से शुरू होकर 9 तक चलेगी। हालांकि अभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों की चर्चा का समय तय नहीं हुआ है।

■ मुख्य बजट और नवीन मद के प्रस्तावों पर होगी बात

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री स्तरीय बजट चर्चा के दौरान 6 जनवरी से 9 जनवरी तक मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ चर्चा होगी। बताया गया है कि मंत्री अपने विभागों से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव पेश करेंगे।

वित्त मंत्री से चर्चा के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर बजट में शामिल किया जाएगा। जिन नवीन मद के प्रस्तावों पर सहमति नहीं होगी उन्हें दरकिनार किया जाएगा। इसी चर्चा के एक हिस्से में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के प्रस्तावों पर वित्त मंत्री के साथ चर्चा होगी।

### ये है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्य

वित्त विभाग द्वारा मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्यक्रम जारी किया गया है। 6 जनवरी को चार मंत्री इस चर्चा में शामिल होंगे। इनमें लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब। 7 जनवरी को केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, 8 तारीख को उप मुख्यमंत्री अरुण साव, गजेंद्र यादव, 9 की बैठक में दयाल दास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों पर चर्चा होगी।

# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़िया को बनाएं कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के प्राध्यापक को कुलपति बनाने कि मांग करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा, छत्तीसगढ़ के प्राध्यापकों को नजरअंदाज कर जम्मू के प्रोफेसर विनय चौहान को कुलपति बनाने कि चर्चा जोरो पर है। आखिर भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के प्राध्यापकों को क्या योग्य नहीं मानती।

■ जम्मू के प्रो.विनय चौहान को कुलपति बनाने की है चर्चा

भाजपा अपने पितृ संगठन आरएसएस को खुश करने छत्तीसगढ़ के प्राध्यापकों का अधिकार छीन रही है। प्रदेश के 15 विश्वविद्यालय में 9 में अन्य राज्यों से कुलपति हैं। ऐसे में रायगढ़ विश्वविद्यालय में जम्मू से कुलपति बनाने कि योजना छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा, यह विश्वविद्यालय 5 वर्ष पूर्व कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार के समय अस्तित्व में आया था और किसी भी नए विवि में प्रथम कुलपति नियुक्त करने का अधिकार राज्य शासन का होता है और जब यह अवसर हमें मिला तो हमने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्राध्यापक डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया को प्रथम कुलपति के रूप में नियुक्त किया। 24 नवंबर को कुलपति का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और नए कुलपति की चयन प्रक्रिया भी 9 नवंबर को पूर्ण हो चुकी है। हालांकि नए कुलपति की नियुक्ति का आदेश अभी तक इसलिए नहीं हुआ है। क्योंकि जम्मू विवि के जिस प्राध्यापक विनय चौहान को यहां कुलपति बनाया जाना तय हुआ है, उसे उसकी इच्छा के अनुरूप इस बात के लिए समय दिया जा रहा है कि वह रायगढ़ व वहां के विवि के वातावरण को भलीभांति देख समझ ले। वे इस बीच दो बार रायगढ़ आ कर लोगों से मिल कर वहां के वातावरण को अपने अनुरूप करने एक्सरसाइज कर ली है। आधिकारिक आदेश के पहले ही उसके नाम की चर्चा गली मोहल्ले से लेकर राजधानी तक हो रही है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दिल्ली में हुआ इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने राज्य की पांच महिला नेत्रियों का साक्षात्कार लिया। उनमें से एक का चयन इस पद के लिए किया जाएगा। दिल्ली में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की एक कमेटी की मौजूदगी में प्रदेश की पांच कांग्रेस नेत्रियों का साक्षात्कार हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय संगठन के बुलावे पर प्रदेश की पांच नेत्रियां बालोद विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक छन्नी साहू, लक्ष्मी ध्रुव, ममता चंद्राकर और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा का चयन किया गया है। उनका दिल्ली में साक्षात्कार लिया गया। उनसे संगठन चलाने और उन्हें मजबूत करने के संबंध सवाल किए गए। संगठनात्मक मसलों पर चर्चा के बाद अध्यक्ष का नाम तय कर दिया जाएगा। इन नेत्रियों में तुलिका कर्मा को राष्ट्रीय महिला कांग्रेस कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव के पद पर पहले ही मनोनीत किया जा चुका है। ऐसे में चार नेत्रियों में से एक को चुने जाने की संभावना बताई जा रही है।

■ संगीता, छन्नी, लक्ष्मी, ममता और तुलिका के नामों की चर्चा



### सदस्यता अभियान बना आधार

राज्य से इन पांच नेत्रियों के चयन का आधार संगठन में मेंबरशिप में भागीदारी को माना जा रहा है। इन नेत्रियों का महिला कांग्रेस संगठन के सदस्यता अभियान में प्रदर्शन प्रदेश में बेहतर माना गया था।

### छन्नी का प्रस्ताव पहले गया था

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद वर्तमान में आदिवासी कोटे में था। अब इसमें ओबीसी समीकरण के आधार पर नए अध्यक्ष का चयन करने की बात कही जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में संगीता सिन्हा दूसरी बार बालोद क्षेत्र से विधायक चुनी गई हैं। इधर छन्नी साहू, लक्ष्मी ध्रुव और ममता चंद्राकर पूर्व विधायक रही हैं। छन्नी साहू के नाम का प्रस्ताव करीब सालभर पहले ही प्रदेश अध्यक्ष के लिए पीसीसी से भेजा जा चुका है।

# जनविश्वास विधेयक द्वितीय को राज्यपाल की मंजूरी छोटे मामलों में कैद के बदले जुर्माने का है प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ जन विश्वास ( प्रावधानों का संशोधन) द्वित्तीय विधेयक 2025 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो गई है। इसके साथ ही राज्य में संशोधित जनविश्वास अधिनियम लागू हो गया है। राज्य सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पारित करवाकर राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा था।

जनविश्वास विधेयक द्वित्तीय को लाए जाने का मकसद ये है कि राज्य में प्रवृत्त विभिन्न विधियों में उनके उल्लंघन की स्थिति में अधिरोपित जुर्माना या और कारावास का प्रावधान किया गया है। यह न्यायिक प्रक्रिया प्रशासन के प्रभावी होने को विलम्बित रखता है। साथ ही, उल्लंघन कर्ता व्यक्ति या निकाय को लम्बे समय के लिए उलझा कर रखता है। ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ़ लिविंग की दिशा में इन विधियों के संशोधन के लिए भारत सरकार द्वारा भी पहल की गई हैं। इन प्रयासों के अनुरूप, राज्य द्वारा पूर्व में 08 अधिनियमों के प्रावधानों में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2025 अधिसूचित किया है। इसके बाद अन्य 14 अधिनियमों के प्रावधानों में संशोधन हेतु यह विधेयक प्रस्तुत किया गया था।

### जुर्माना देकर बच सकते हैं सजा से

विधेयक में कहा गया है कि प्रशासकीय शास्ति देकर उल्लंघनकर्ता अभियोजन और संभावित दोषसिद्धि एवं अन्य कानूनी कार्यवाही से बच सकता है। विधियों के उल्लंघनों की स्थिति में गैर-अपराधीकरण करने से जीवन यापन और व्यवसाय करने में सहजता बढ़ेगी। इससे विश्वासमय शासन की स्थापना हो सकेगी।

### इसलिए हुआ ये बदलाव

विधेयक के मुताबिक कई विधियों में, आर्थिक दण्ड की सीमा में लम्बे समय से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इससे उल्लंघन कर्ता के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती। कई बार दण्ड के शुल्क की प्राप्ति की तुलना में न्यायिक प्रक्रिया में अधिक व्यय हो जाता है। इसलिए ऐसे उल्लंघन के विरुद्ध प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन सामान्य के लिए ईज ऑफ लिविंग बढ़ाने की दृष्टि से यह विधि निर्मित की गई है। जिसका उद्देश्य विभिन्न कानूनों के 14 अधिनियमों में 116 प्रावधानों को सरल बनाना है, ताकि छोटे उल्लंघनों के लिए आपराधिक दंड की जगह प्रशासनिक जुर्माने लगें, जिससे व्यापार और जीवन में सुगमता बढ़े और अदालतों पर बोझ कम हो। यह विधेयक छत्तीसगढ़ को देश का पहला राज्य बनाता है जो 'जन विश्वास' विधेयक का दूसरा संस्करण लाया है, इससे पहले पहले संस्करण में 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में संशोधन हो चुके हैं।

### ये हैं मुख्य बिंदु

छोटे तकनीकी उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से हटाकर सिर्फ प्रशासनिक या आर्थिक दंड लगाना है, जिससे नागरिकों और व्यवसायों को राहत मिले। यह विधेयक 11 विभागों के 14 अधिनियमों में संशोधन करता है, जिसमें आबकारी, नगरीय प्रशासन और सहकारिता विभाग से जुड़े मामले शामिल हैं। यह पहले लाए गए 'जन विश्वास अधिनियम, 2025' का विस्तार है, जिसने पहले ही कई प्रावधानों को सरल किया है।

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार शरमीन निशा पिता शेख रहीम, निवासी चांदनी चौक, लाईफ लाईन पैथोलॉजी गली, पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड नं. 49, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता मोहम्मद जावेद मेमन पिता अब्दुल रज्जाक मेमन, निवासी म.नं. 208, मस्जिद के पास, संतोषी नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा- ग्राम-मठपुरैना, प.ह.नं.-105, रा.नि.म. रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नं.- 221/32, 221/39, 225/23, 221/40, 225/24 का भाग रकबा-750 वर्गफुट है को क्रेता क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि विक्रेता को अदा कर दिया है, अब मात्र पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, बोर्ड, निगम, वित्तीय संस्था, बैंक, फर्म, सोसायटी आदि को कोई दावा या आपत्ति, उजर है तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर मय दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, बाद मयाद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा, तथा उक्त संबंध में की गई कोई भी आपत्ति अवैध व शून्य समझा व माना जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांक :- 05.01.2026

भवदीय
छबिराम साहू
नोटरी / अधिवक्ता सिविल कोर्ट
उपरवारा, सेक्टर- 34 नवा रायपुर
(छ.ग.) मोबा. नं. - 90096-31623

समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय जिला रायपुर (छ.ग.) समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय जिला रायपुर छ.ग.

स्वयं के नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र

मै शपथकर्ता विरेन्द्र जांगडे (VIRENDRA JANGDE) उम्र 18 वर्ष पिता श्री रामगोपाल जांगडे पता- म.नं. 939, पुरानी बस्ती, सतनामी पारा, भनपुरी धरसींवा, बिरगांव, रायपुर, तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ किः-

01 यह कि मेरे आधारकार्ड क्रमांक-4859 4474 1958 पैनकार्ड क्रमांक DHCPJ6873E (BIRENDRA JANGDE) बिरेन्द्र जांगडे अंकित है।

02 यह कि, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम विरेन्द्र जांगडे (VIRENDRA JANGDE) अंकित है।

03 यह कि, मेरे पैनकार्ड, आधारकार्ड में अंकित नाम- (BIRENDRA JANGDE) बिरेन्द्र जांगडे जो कि पूर्व नाम अंकित है। जिसमें मैं अपने समस्त दस्तावेजों के अनुसार नाम परिवर्तन / सुधार कर - विरेन्द्र जांगडे (VIRENDRA JANGDE) अंकित करवाना चाहता हूँ। एवं इसद नाम से अंगीकार किया जावें। जिसके सबंध में राजपत्र में छपाई कराना चाहता हूँ जिसके संबंध में यह शपथ पत्र संबधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ। भविष्य में मेरे द्वारा किसी प्रकार की कुटरचना करते हुए फर्जी दस्तावेज एवं गलत जानकारी देना पाया गया हो तो मुझ पर उचित कार्यवाही करने हेतु संस्था / विभाग स्वतंत्र रहेगा।

// सत्यापन //

मै शपथकर्ता विरेन्द्र जांगडे (VIRENDRA JANGDE) उम्र 18 वर्ष पिता श्री रामगोपाल जांगडे पता म.नं. 939, पुरानी बस्ती, सतनामी पारा, भनपुरी धरसींवा, बिरगांव, रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. उपरोक्त शपथ पत्र की कड़िका क्रमांक 01 से 03 तक में वर्णित समस्त जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक

शपथकर्ता
विरेन्द्र जांगडे

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

सूचना-पत्र

क्रमांक/ / वाचक/अति. तहसीलदार / 2025
रायपुर, दिनांक 23/12/2025
प्रति,

1. गुरदीप सिंग, 2 गुरबेग सिंग, 3. अमरजीत सिंग, 4. दलजीत कौर 5. बलविन्दर सिंग, क्रं 1 से 5 सभी पिता नेहाल सिंग 6. श्रीमती शांति देवी पति नेहाल सिंग सभी निवासी टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) 7. गुरचरण सिंग, 8. अमरदीप सिंग, 9. रविन्दर सिंग, 10. चरणजीत कौर क्रं - 7 से 10 सभी पिता अर्जुन सिंग, 11. श्रीमती रामप्यारी पति अर्जुन सिंग क्र-7 से 11 सभी निवासी श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.) 12. सुरजीत सिंग, 13. जसविन्दर सिंग. 14. परिन्दर सिंग, क्रं-12 से 14 सभी पिता श्री बाबू सिंग 15. श्रीमती दलबीर कौर पति बाबू सिंग क्रं-12 से 15 सभी निवासी पंजाबी कालोनी, रायपुर (छ.ग.)

**विषय :-** रा.प्र.क्र. 202504116400057/अ-6 / वर्ष 2024-25 पक्षकार गुरजोत सिंह पिता स्व. जसविंदर सिंह विरुध्द 1. गुरदीप सिंग, 2. गुरबेग सिंग अन्य 14 में पक्ष समर्थन हेतू उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरजोत सिंह पिता जसविंदर सिंह सीएम 2 - 143 सुखलिया, मारथोमा स्कूल के पिछे विजय नगर इन्दैर म.प्र. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 10 तहसील व जिला, रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 44/3 रकबा 0.0490 हे. भूमि आवेदक के दादा शमशेर सिंह, दादी गुरुचरण कौर व पिता जसविंदर सिंह के साथ अन्य सहखातेदारों के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि आवेदक के दादा शमशेर सिंह, दादी गुरुचरण कौर व पिता जसविंदर सिंह को आपसी बंटवारा नामा दिनांक 22/09/1992 के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदित भूमि को आवेदक के दावा शमशेर सिंह के द्वारा दिनांक 10/05/1998 को अपने पुत्र जसविंदर सिंह व पत्नि श्रीमती गुरुचरण कौर के पक्ष में वसीयत निष्पादित किया गया है। आवेदक के दादा शमशेर सिंह पिता प्यारा सिंह का निधन दिनांक 05/05/2000 को, जसविंदर सिंह पिता शमशेर सिंह का निधन दिनांक 11/03/2023 को तथा आवेदक कि माता श्रीमती परमिंदर कौर पति जसविंदर का निधन दिनांक 20/11/2004 को हो चुकी है। मृतकगण के वैध वारिसानो में आवेदक एवं आवेदक कि दादी श्रीमती गुरुचरण ही है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नही है। आवेदित भूमि पर आपसी बंटवारा, वसीयतनामा व वारिसान हक में आवेदक अपना नाम दर्ज कर आवेदक कि दादी श्रीमती गुरुचरण का नाम यथावत रखे जाने एवं शेष खातेदारों का नाम विलोपित किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 09/01/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग भवन में विश्व ब्रेल दिवस मनाया गया



**आरंग।** अमर ज्योति दिव्यांग कल्याण संघ आरंग ने 4 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय लुई ब्रेल दिवस का आयोजन दिव्यांग भवन आरंग में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप जैन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग रहे। अध्यक्षता दिनेश चन्द्राकर, उपाध्यक्ष आरंग मंडल ने की। विशिष्ट अतिथि मीना जांगड़े, सरपंच ग्राम पंचायत नारा एवं पार्षदगण नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, विक्रम परमार, राकेश सोनकर, खुबचंद साहू, नरेंद्र साहनी, चंदूलाल लोधी, तोषण साहू सहित आरंग विकासखंड के विभिन्न गांवों से दिव्यांगजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर लुई ब्रेल को याद करते हुए केक काटा एवं एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक गीत भी प्रस्तुत किए गए। डॉ. जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बनाई गई सभी योजनाओं में स्थानीय स्तर पर विशेष सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर दिव्यांग भाई-बहनों को निःशुल्क छड़ी एवं बैसाखी का वितरण किया गया।

### चारागाह से कब्जा हटाने तहसीलदार को ज्ञापन

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा में किसान कमेटी द्वारा नगर की समस्त किसानों की उपस्थिति में एक बैठक कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि कूंरा नगर क्षेत्र अंतर्गत समस्त शासकीय एवं चारागाह की भूमि पर आय दिन धड़ल्ले से अवैध कब्जा करते जा रहे है जिसके चलते मवेशियों का चारा गाह पूर्ण रूप से समाप्त होने की कगार पर है इस मामले को गंभीरता से लेते हुए किसान एवं जनप्रतिनिधिगण एक आवेदन तैयार कर 5 जनवरी को धरसीवां तहसील दार बी एल कुर्रे को ज्ञापन सौंप कर चारा गाह की जमीन में हो रहे अवैध कब्जे को मुक्त कराने का मांग किया है , जिस पर तहसील दार ने हल्का पटवारी हरीश ठाकुर को बुलाकर कहा कि अवैध कब्जा एरिया की मुआयना कर प्रतिवेदन बनाकर तहसील में जमा करने कहा है । ज्ञापन सौंपने के दौरान नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया , किसान कमेटी अध्यक्ष योगेश साहू , विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम यादव , धरसीवां सरपंच साहिल खान , पूर्व अध्यक्ष डालेंद्र वर्मा , रामदास बंजारे , प्रदीप शर्मा , पार्षद मोहन प्रजापति , प्रधान देवांगन , ढालचंद पाल , गोलू भतरीया , हरीश साहू , संतोष साहू , अनिल बघेल , प्रेमलाल पाल , दिनेश घंफोरिया सहित बड़ी संख्या में किसानजन उपस्थित हुए थे।

### माता शाकंभरी जयंती पटेल समाज ने मनाई

**अभनपुर।** छेर-छेरा पुन्नी के पावन अवसर पर ग्राम खंडवा में मरार पटेल समाज के तत्वावधान में मां शाकंभरी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे गांव का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा शामिल हुए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। आयोजन के दौरान मां शाकंभरी के जयघोष, भक्ति गीतों एवं पारंपरिक वेशभूषा ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 50% रोड टैक्स छूट के साथ राडा ऑटो एक्सपो 20 जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का आयोजन 20 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक श्री राम बिजनेस पार्क, रायपुर में किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल ब्रांड्स अपने नवीनतम वाहन मॉडल प्रस्तुत करेंगे। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) ने राज्य सरकार द्वारा जीवनकाल रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट देने के निर्णय का स्वागत किया है।

अवसर : राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने करेंगे प्रदर्शन

# छत्तीसगढ़ की पंथी नृत्य टीम को गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली के लिए निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदखुरी



छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर गौरव मिलने जा रहा है। राष्ट्रीय पंथी नर्तक श्री वेद प्रकाश

- 35 सदस्यीय टीम सात को दिल्ली के लिए होगी रवाना
- राष्ट्रीय पंथी नर्तक वेद प्रकाश माहेश्वरी की टीम को मिला अवसर
- राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी पहचान

माहेश्वरी एवं उनकी टीम को भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। यह छत्तीसगढ़ की पंथी नृत्य कला के लिए बड़ा सम्मान है, जो गुरु घासीदास जी की शिक्षाओं से प्रेरित है।

श्री वेद प्रकाश माहेश्वरी ने इस आमंत्रण पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर हमारी टीम की प्रस्तुति राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सामने होगी। इस भव्य आयोजन में यूरोपीय संघ की प्रमुख नेता यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन तथा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति प्रस्तुत करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने आगे बताया कि उनकी 35 सदस्यीय टीम पंथी नृत्य एवं गीत के माध्यम से देश की विभिन्न परिस्थितियों को दर्शाएगी, वीर जवानों का जोश बढ़ाएगी तथा सरकार की योजनाओं को प्रोत्साहित करेगी।

साथ ही बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्गों तथा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रयास किया जाएगा। टीम देशभर के लगभग 5000 कलाकारों के साथ 22 दिनों तक परेड ग्राउंड में रिहर्सल कर अपनी प्रस्तुति देगी।

टीम 07 जनवरी को रायपुर रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के लिए रवाना होगी। टीम में अध्यक्ष वेद प्रकाश माहेश्वरी के साथ सुरेंद्र, गिरधारी, संजय, हेमंत, चंद्रशेखर, योगेश, सूरज, तुषार, रामकुमार, धर्मेंद्र, हितेश, मनमोहन, राहुल, संजय, भुनेश्वर, मोना, अमन, समीर, गोकुल, संतोष, डायमंड लहरिया आदि शामिल हैं।

ग्राम बहनाकाड़ी के जागृति पंथी दल (1996 स्वर्ण पदक विजेता) के डॉ. सी.एल. रात्रे, हिरेंद्र माहेश्वरी, अशोक देवहरे, मोती, ग्रीत लहरे, बसंत देवहरे एवं गुरु घासीदास सम्मान प्राप्त श्री उत्तम देवहरे, ग्राम बहनाकाड़ी के सरपंच श्री अशोक बंजारे, युवा नेता राजेंद्र माहेश्वरी, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री एल.एल. कोशले एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप सारंगी तथा श्री बबलू त्रिवेंद्र आदि ने टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# खौली केंद्र में धान जाम से बढ़ी किसानों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा चंदखुरी के अंतर्गत आने वाले सोसायटी व धान उपार्जन केन्द्र खौली में समर्थन मूल्य पर बीते 52 दिनों के भीतर अब तक खरीदे गये धान का प्रभावी परिवहन नहीं होने से लगभग 60 हजार कट्टा धान जाम हो गया है जबकि अभी खरीदी हेतु 25 दिन बाकी हैं। उठाव न होने पर जहां खरीदी लड़खड़ाने की आंशका है वहीं सूखत आने से सोसायटी को आर्थिक क्षति भी होने की संभावना है। इस उपार्जन केन्द्र में 2 ग्राम खौली व कठिया का धान खरीदा जा रहा है। धान खरीदी की शुरुआत बीते 14 नवंबर से शुरू किया गया है और खरीदी की अंतिम तिथि आसन्न 31 जनवरी है। अभी तक खरीदे गये धान का उठाव नहीं के बराबर होने से धान जाम हो गया है। धान रखने के लिये निर्मित चबूतरे क्षमता के अनुरूप धान के स्टेक से लबालब हो गये हैं और अब धान रखने जगह की किल्लत हो रही है। आज सोमवार को इस केंद्र का मुआयना करने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि खरीदी केंद्र में मौजूद सोसायटी के अध्यक्ष शंकर वर्मा ने शासन - प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करा दिया जा जल्द से जल्द उठाव कराने का आग्रह कर दिये जाने की भी जानकारी दी ताकि खरीदी में व्यवधान न आवे व सूखती की वजह से होने वाले नुकसान की भरपायी से सोसायटी को बचाया जा सके।



# कांग्रेस की ब्लाक बैठक में एसआईआर पर की चर्चा

**आरंग।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग द्वारा सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन राजीव भवन, आरंग में किया गया। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया तथा जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण) के अध्यक्ष राजेंद्र 'पप्पू' बंजारे जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में एसआईआर विषय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी बी.एल.ए. को SIR से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गईं तथा इसके प्रचार-प्रसार एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में कोमल सिंह साहू, मंगल मूर्ति अग्रवाल, गोपाल चतुर्वेदी, हीरामन साहू, हरि बंजारे, ओम प्रकाश यादव, शरद गुप्ता, समीर गोरी, खिलावन निषाद, सजल चंद्राकर, सूरज सोनकर, कुलदीप वर्मा, भारती देवांगन, मंजू चंद्राकर, भूमिका ध्रुव, गौरी बाई देवांगन, अजीत ईश्वर जोगलेकर, धन्ना, आजु वंशे, रेखराम पात्रे तथा साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसीजन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, एन.एस.यू.आई., सेवादल, नगरीय निकायों के कांग्रेस समर्थित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# टेनिस क्रिकेट में मोहदा की टीम 9 रन से विजयी रही



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम मोहदा में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे 32 टीमो ने भाग लिया। फायनल मैच मोहदा व पंडरभट्ठा के बीच खेला गया। पंडरभट्ठा की टीम ने टास जीत कर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया। मोहदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट खो कर 56 रन बनाये।जिसके जवाब में पंडरभट्ठा की टीम 9 ओवर 2 गेंदों में 10 विकेट खो कर मात्र 47 रन ही बना पाया। इस तरह मोहदा की टीम 9 रन से विजयी रही। इस प्रतियोगिता के मैन आफ दी सीरीज घनश्याम वर्मा पंडरभट्ठा व फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच सौरभ सिंहा मोहदा को पुरस्कार दिया गया। वार्ड स्तरीय मैच में वार्ड क्रमांक 2 विजेता रहे,उप विजेता वार्ड क्रमांक 20 रहे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी थे। विशिष्ट अतिथि रायपुर जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि शैल महेंद्र साहू, रेखा प्रहलाद सरपंच मोहदा, गोविंद सारंग सरपंच प्रतिनिधि निनवा, लोकेश कश्यप सरपंच सिलपट्टी रहे। इस अवसर पर टीकम वर्मा, महेंद्र जेठी, हरीश वर्मा, उमेश्वरी सिन्हा, कविता सिन्हा, रेवती ध्रुव, माया साहू, मंतराम साहू, रमेश निर्मलकर, खुमान वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### भाजपा विधायक के बेटे ने कार से...

रफ्तार से आ रही कार बेकाबू होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर उपस्थित लोग पुलिस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है, हादसे के समय कार में दो युवक और दो युवतियां सवार थीं। टक्कर के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस को मौके से कार से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले हैं।

### जेल में की खुदकुशी, गमछे के...

अनुसार मृतकों के परिजनों को रात में ही घटना की जानकारी दे दी गई थी। पति की मौत की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी ललिता महानंद बेहोश हो गई। परिजनों ने प्रताड़ना से तंग आकर सुनील के फांसी लगाकर खुदकुशी करने का आरोप लगाया है। घटना के दूसरे दिन मृतक के परिजन के साथ भारी संख्या में समाज से जुड़े लोग तथा किन्नरों ने जेल परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया। <B>घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद <B> सुसाइड की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। शाम के भोजन के बाद सुनील गले में गमछा लटकाए अपने बैरक के पास टहलता दिख रहा है। इस दौरान सुनील पेड़ के करीब पहुंचा, वहां उसने अपने गमछा को एक पेड़ की टहनी में बांधा और गमछे का एक छोर गले में बांधकर लटक गया। इस दौरान पहरेदारों की सुनील पर नजर पड़ी। पहरेदारों ने सुनील को पेड़ से नीचे उतारा, तब तक उसकी सांसें चल रही थीं। अस्पताल ले जाते सुनील ने दम तोड़ दिया। <B>परिजनों का आरोप, बंदियों ने कपड़े तक छीन लिए थे <B>सुनील ने जेल के अष्टकोण बैरक के पीछे पीपल पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी की। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सुनील जिस बैरक में बंद था, वहां बंदियों ने सुनील के कपड़े तक छीन लिए थे। परिजनों के अनुसार वे सुनील से मिलने के लिए जाते थे, तो वो उनके पास जेल में साथी बंदियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाता था। परिजनों के अनुसार ठंड से बचाव के लिए उन लोगों ने सुनील के लिए तीन स्वेटर, पांच-छह जोड़ी कपड़े और खाने-पीने का सामान दिया था, लेकिन वह सामान उसे नहीं मिलने दिया गया और कथित तौर पर उसके पास पहुंचने से पहले छीन लिया जाता था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने सुनील को पैसे भेजे थे, लेकिन वह पैसे भी उसे नहीं दिए गए। उनका कहना है कि इन सभी कारणों से सुनील मानसिक तनाव में था।

### बच्चा चोरी करने की आशंका...

शक हुआ। उस व्यक्ति ने घटना की जानकारी अपने आसपास के लोगों को दी। बच्चा चोर आने की जानकारी मिलने पर पार्वती नगर के रहवासियों ने भारी संख्या में महिला को घेर लिया। भीड़ ने महिला से बच्चे के साथ बात करने का कारण सहित सवालों की बौछार कर दी। इससे घबराई महिला ने भागने की कोशिश की, तो स्थानीय रहवासियों ने उसकी जमकर पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ में घिरी महिला को बचाकर अस्पताल पहुंचाया।

### शीतलहर के रूप में लौटेगी ठंड, तीन...

के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में बढोतरी हो गई थी। विक्षोभ आगे बढ़ चुका है जिसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट होने और ठंड का दौर शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों तक राज्य में ठंड का जोरदार असर रहेगा। इस दौरान राज्य के उत्तरी और मध्य हिस्से में शीतलहर की संभावना है। विभाग की ओर से मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, रायपुर, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, मोहला-मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान जिलों के कई पैकेट में अगले तीन दिन तक शीतलहर जैसी स्थिति रह सकती है। हवा में नमी कम होने की वजह से पिछले चौबीस घंटे में ज्यादातर शहरों का न्यूनतम तापमान अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। वहीं पेंड्रा तथा अंबिकापुर में जोरदार ठंड का दौर प्रारंभ हो चुका है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम पारा 4 डिग्री सेल्सियस और रायपुर का 14.3 हो चुका है।

### एक दिन में दो परीक्षाएं ! माशिम ने कहा-20 जनवरी...

एक दिन में दो परीक्षाएं आयोजित करने की स्थिति निर्मित हो गई है। माशिम प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक अंतिम परिणाम में जोड़ता है। विद्यालयों को तय समय पर प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक प्रेषित करना अनिवार्य है। प्री बोर्ड के आधार पर ही बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के लिए रणनीति बनाई जाती है। ऐसे में यह भी महत्वपूर्ण है।

# फार्मेसी कालेज में यौन उत्पीड़न अधिनियम पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कूंरा

- प्रश्नोत्तरी में सवालों का किया समाधान

कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी, टेकारी में आंतरिक शिकायत समिति के तत्वावधान में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती अलका बघेल, नोडल अधिकारी, कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया राव, एसोसिएट प्रोफेसर, विधि विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर रहीं। उन्होंने अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों, कर्तव्यों, यौन उत्पीड़न के विभिन्न स्वरूपों, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सराफ सर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम संस्थान में सुरक्षित, संवेदनशील और सम्मानजनक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डॉ. निवेदिता गौतम, चेयरपर्सन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज के टीचिंग स्टाफ- खुशबू वर्मा, दिव्या टिकरीहा , प्रियंका विश्वकर्मा, कंचन मरकाम, चंचल साहू, प्रज्ञा पाठक, निहारिका साहू एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा पूछे गए अनेक प्रश्नों और शंकाओं का डॉ. प्रिया राव ने सरल, स्पष्ट एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। यह जागरूकता कार्यक्रम कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी, टेकारी, रायपुर में आईसीसी कमेटी के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं सम्मानजनक कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

## दो साल में महतारी वंदन में बांटे 14 हजार करोड़

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, विगत दो वर्षों में छत्तीसगढ़ शासन ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के जीवन में सकारात्मक और ठोस बदलाव लाने के लिए ऐतिहासिक पहल की है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 69 लाख से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और अब तक 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है। योजना का सामाजिक प्रभाव यह है कि बड़ी संख्या में महिलाएं अब पारिवारिक और आर्थिक निर्णयों में स्वतंत्र भूमिका निभा रही हैं।

धरसींवा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# देवरी हत्याकांड का फरार मुख्य आरोप पांच साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा




कानून के हाथ लंबे होते हैं और अपराधी चाहे कितनी भी चतुराई दिखा ले, वह न्याय के शिकंजे से बच नहीं सकता। इस कहावत को धरसींवा पुलिस ने चरितार्थ कर दिखाया है। पांच वर्ष पूर्व दशहरे की खुशियों के बीच मातम घोलने वाले और देवरी के ग्रामीण भानु राम वर्मा की निर्मम हत्या करने वाले मुख्य आरोपी तातू राम विश्वकर्मा को पुलिस ने एक सटीक घेराबंदी के बाद उसके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

यह वही शातिर आरोपी है जिसने कोरोना काल की अव्यवस्था का फायदा उठाकर अस्पताल से फरार होकर पुलिस की नाक में दम कर रखा था। यह पूरा मामला पांच साल पहले दशहरा उत्सव के दौरान शुरू हुआ था। रायपुर से चार युवक धरसींवा थाना अंतर्गत ग्राम देवरी पहुंचे थे, जहाँ वे उत्सव के माहौल के बीच महिलाओं के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ कर रहे थे। ग्रामीणों की मर्यादा और बहू-बेटियों के सम्मान की रक्षा के लिए जब गांव के भानु राम वर्मा ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन युवकों के सिर पर खून सवार हो गया। आरोपियों ने सरेराह भानु राम पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अस्पताल से फरारी और पुलिस की चुनौती

वारदात के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी चार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया था। लेकिन कहानी में मोड़ तब आया जब कोरोना काल के दौरान मुख्य आरोपी तातू राम विश्वकर्मा संक्रमित हो गया। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उसने पुलिस कर्मियों को चकमा दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### न्यायालय का फैसला और पुलिस की दबिश

न्याय की प्रक्रिया जारी रही और महज चार दिन पहले न्यायालय ने इस कांड के शेष तीन आरोपियों को उनके गुनाहों की सजा सुनाते हुए उम्रकैद की सजा का ऐलान किया। इधर, धरसींवा पुलिस को मुखबिर के जरिए पुख्ता सूचना मिली कि मुख्य आरोपी तातू राम विश्वकर्मा महासमुंद जिले के अपने गृह ग्राम खुसरूपोली में दुबक कर बैठा है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने बिना समय गंवाए खुसरूपोली में दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा और उसे वापस धरसींवा लाया गया।

### पुलिस को मिली सफलता

धरसींवा पुलिस के लिए यह एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। इस कामयाबी में थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दिवान की मार्गदर्शन में ए एस आई कौशल मिर्झा,आरक्षक सत्येंद्र प्रधान,आरक्षक बालगोविंद पैकरा,आरक्षक विद्याभूषण देवांगन की महती भूमिका रही।सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल दाखिल कर दिया गया।

# नई पाठयपुस्तकों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण



**आरंग।** विकासखण्ड आरंग में कक्षा 6 के लिए राज्य द्वारा प्रकाशित अंग्रजी विषय की नई पाठयपुस्तकों को प्रभावी ढंग से लागू करने पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक सुरेन्द्र सिंह चन्द्रसेन एवं मुख्य प्रशिक्षक अंकुश फ्रेंकलिन, प्रशांत उपाध्याय, व कृष्णा साहू की उपस्थिति में किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और डीआईईटी रायपुर के दिशा निर्देशानुसार आयोजित हो रहा है, जिसका मूल उद्देश्य शिक्षकों को नई पाठयपुस्तकों की संरचना विषयवस्तु शिक्षण पद्यति और नई राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के अनुरूप किया गया परिवर्तनों से अवगत कराना है। नई पुस्तकों में गतिविधी आधारित शिक्षण परियोंजना कार्य स्थानीय संदर्भों और कौशल आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया है। जिससे छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन व समस्या समाधान क्षमता का विकास हो सकें। इस प्रशिक्षण में आरंग विकासखण्ड के 48 मिडिल स्कूलों के अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को शामिल किया गया है, जो कि प्रशिक्षण उपरांत अपने-अपने स्कूलों में नवाचारी तरीके से शिक्षण कार्य में गति दे सकेंगे।

## निधन

### श्यामसुंदर अग्रवाल



रायपुर। खम्हारडीह, बी-11, ऐश्वर्या विंडमिल निवासी श्यामसुंदर अग्रवाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अशोक, अजय, विजय के भाई और संजय अग्रवाल के पिता थे।

### डा. राजेश रूपरेला



रायपुर। विधानसभा क्षेत्र के सफायर ग्रीन निवासी डॉ राजेश रूपरेला (72) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को दोपहर 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ हर्षद, डॉ लवेश रूपरेला के पिता थे।

### उधम दास डेंगवानी



रायपुर। चैतन्य ग्रीन के सामने सड्डू निवासी उधम दास डेंगवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पवन, रवि डेंगवानी के पिता और नानक राम डेंगवानी के भाई थे।

### चंद्रकुमार नवानी



रायपुर। सीता विहार, अवंती विहार निवासी चंद्रकुमार नवानी (81) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 जनवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे विक्रम नवानी के पिता और राजेश, सुनील नवानी के चाचा थे।

### सुंदर बाई बुरड़



रायपुर। गवली पारा दुर्ग निवासी सुंदर बाई बुरड़ का 5 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को सुबह 11:30 बजे उनके निवास स्थान से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे पारसमल की चाची और नेमीचंद, ज्ञानचंद, लीलमचंद, राजेशकुमार, विनोद कुमार की माता थीं।

### प्रीतम शर्मा



रायपुर। डंगनिया निवासी प्रीतम शर्मा का 5 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनीश, अभिनव शर्मा के पिता थे।

### बलबीर कौर विरदी



रायपुर। हाऊसिंग बोर्ड कोटा निवासी बलबीर कौर विरदी (78) का 5 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को सुबह 11 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भगवान सिंह विरदी की पत्नी और नरिन्दर सिंह विरदी, मंदीप कौर भुई की माता एवं बलवीर सिंह भुई की सास थीं।

# तीन मंजिला वार्ड में तब्दील होंगी डीके अस्पताल की बंद दुकानें, भर्ती होंगे बर्न प्लास्टिक एवं न्यूरो सर्जरी विभाग के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

निर्माण के बाद से ही विवादों में रहने की वजह से डीके अस्पताल की बंद दुकानों को वार्ड बनाने का काम शुरू हो गया है। यहां बर्न एवं प्लास्टिक एवं न्यूरो सर्जरी के मरीजों को भर्ती किया जाएगा। भूतल की चार दुकान और प्रथम तल पर बड़ा हॉल वाले इस भवन को तीन मंजिला वार्ड बनाया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के निर्देश पर सीजीएमएससी द्वारा भवन की नापजोख भी कर ली गयी है।

डीके अस्पताल की शुरुआत के दौरान इन दुकानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने की संभावनाओं को ध्यान में रखकर कराया गया था। कुछ समय तक दुकानों का संचालन हुआ, फिर मामला विवादों में आ गया और लंबी न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद भवन का कब्जा अस्पताल प्रबंधन को मिला था। इसे पुनः प्रारंभ करने तीन साल पहले टेंडर की कोशिश की गई, मगर सफलता नहीं मिली थी। पिछले दिनों अस्पताल पहुंचे चिकित्सा शिक्षा आयुक्त रितेश अग्रवाल ने बंद दुकान वाले इस भवन का उपयोग वार्ड बनाकर करने कहा था। सीएमई के निर्देश के बाद इस पर काम शुरू हो गया है और सीजीएमएससी की टीम ने भवन के रिनोवेशन और वार्ड तैयार करने की जरूरतों के आधार पर उसका नापजोख कर लिया है। जल्दी ही आवश्यकता के अनुसार तोड़फोड़ और निर्माण शुरू किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित तीन मंजिला भवन में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग और न्यूरो सर्जरी से संबंधित मरीजों को भर्ती किया जाएगा।

## सीएमई की योजना पर काम शुरू, सीजीएमएससी ने पूरी की भवन की नापजोख

### न्यूरो सर्जरी के डेढ़ सौ बेड कम

वर्तमान में न्यूरो से संबंधित मरीजों का इलाज डीके अस्पताल में किया जाता है। शासकीय स्तर पर एम्स और डीके अस्पताल में इसके इलाज की व्यवस्था होने के कारण काफी भीड़ रहती है। डेढ़ सौ बेड की क्षमता वाले इस विभाग में कई बार मरीजों की संख्या बढ़ने पर परेशानी हो जाती है। इसी तरह अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 20 बेड है जो जरूरतों के हिसाब से काफी कम है। नए वार्ड बनने से यहां ज्यादा मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा सकेगा।



### अभी अटेंडरों का ठिकाना

मरीजों के जलपान की सुविधा देने के उद्देश्य से बनाए गए दुकान सालों से बंद पड़े हैं। वर्तमान में यह इलाज के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके अटेंडरों का ठिकाना बना हुआ है। गर्मी के दिनों में ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्डों के लिए भी यह राहत देने वाला ठिकाना बनता है। वार्ड के रूप में इसके परिवर्तित होने के बाद यहां गंभीर मरीजों को एडमिट किया जाएगा।

### ज्यादा लोगों का इलाज होगा

नया वार्ड बनने के बाद ज्यादा मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा सकेगा। भवन का जरूरी रिनोवेशन सीजीएमएससी के द्वारा पूरा किया जाएगा।

*- डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल*

## नियमित निरीक्षण के अभाव में अवैध उत्खनन व परिवहन पर नहीं लग पा रहा अंकुश

# अभनपुर-नया रायपुर में मुरुम का जमकर हो रहा अवैध उत्खनन, जेसीबी मशीन सहित 4 गाड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर और नवा रायपुर क्षेत्र में मुरुम का जमकर अवैध रूप से उत्खनन हो रहा है। इसकी शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम लगातार अब निरीक्षण करते हुए कार्रवाई भी कर रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम ओसंदा में गांव के सरपंच से मिलीभगत कर अक्षत ट्रेडर्स का संचालक जेसीबी मशीन से मुरुम का अवैध उत्खनन करा रहा था, जिसे विभागीय जांच टीम ने मौके पर पकड़ा।

इस मुरुम खदान से एक हाईवा गाड़ी भी जब्त की है। अभनपुर क्षेत्र में असोंदा के अलावा गिरोला, बेलभाटा, कोला सहित आसपास के कई ग्रामों में मुरुम का अवैध उत्खनन की शिकायतें विभाग तक पहुंची है, लेकिन ज्यादातर ग्रामों में रात में खनन किए जाने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### नवा रायपुर में रात में चल रहा अवैध उत्खनन

नवा रायपुर में रहने वाले एक सूत्र से जानकारी मिली है कि सत्यसांई हास्पिटल के पास सहित अन्य कई जगह पर मुरुम का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। ज्यादातर जगहों पर रात के समय में उत्खनन किया जा रहा है। इस कारण से अवैध उत्खनन पर कार्रवाई एवं अंकुश लगाने के लिए विभाग की टीम भी नहीं आती है। सूत्र का कहना है कि पिछले वर्ष रात के समय में ही यहां खनिज विभाग की टीम ने छापा मारा था, जिसमें बड़ी संख्या में हाइवा तथा जेसीबी मशीन पकड़ी गई थी, लेकिन उसके बाद से यहां कभी भी रात में न जांच की गई और न ही कार्रवाई हुई है।



फाईल फोटो

### ग्राम निसदा में फर्शी पत्थर, पारागांव में रेत का नियम विरुद्ध खनन-परिवहन व भंडारण

आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में भी फर्शी पत्थर की खदान नियम विरुद्ध चल रही है। इस खदान को बंद करने का आदेश प्रशासन ने सालभर पहले जारी किया था, जिसका उल्लंघन करते हुए खदान संचालक मनमाने रूप से यहां उत्खनन एवं परिवहन करा रहा है। इसी प्रकार आरंग क्षेत्र के ग्राम पारागांव में भी जमकर रेत का अवैध भंडारण किया जा रहा है। इस गांव में खनिज विभाग से भंडारण की मिली अनुमति से कई गुना ज्यादा रेत का भंडारण कराया गया है। जांच नहीं होने के कारण अभी तक यहां भी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### धनसुली क्षेत्र में भी नियमों के विरुद्ध अवैध उत्खनन-परिवहन जारी

ग्राम पचेड़ा के अलावा ग्राम धनसुली क्षेत्र में भी कई पत्थर की खदानों में नियमों के विरुद्ध पत्थरों को तोड़कर गिट्टी बनाने का कार्य से लेकर उसका परिवहन कराया जा रहा है, लेकिन नियमित निरीक्षण के अभाव में इस अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### पचेड़ा, विधानसभा चौक पर रेत-गिट्टी से भरा वाहन जब्त

जांच टीम ने विधानसभा चौक और ग्राम पचेड़ा मंदिर हसौद के पास भी निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से रेत और गिट्टी परिवहन कर ले जाती तीन हाईवा गाड़ी को जब्त किया है। इनमें दो गाड़ी को पचेड़ा के पास तथा एक गाड़ी को विधानसभा चौक के पास पकड़ा गया। इससे पूर्व सप्ताह भर पहले भी इसी प्रकार आरंग, मंदिर हसौद, नया रायपुर, अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत खदानों से गुजरने वाली सड़कों पर निरीक्षण करते हुए रेत का अवैध रूप से परिवहन करती 22 गाड़ियों को पकड़ने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिले में कई स्थानों पर अवैध रूप से रेत, गिट्टी एवं मुरुम का जमकर उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है।

# दो साल में महतारी वंदन में बांटे 14 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मंत्री राजवाड़े ने अपने विभाग की दो साल की उपलब्धि बताई

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, विगत दो वर्षों में छत्तीसगढ़ शासन ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के जीवन में सकारात्मक और ठोस बदलाव लाने के लिए ऐतिहासिक पहल की है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 69 लाख से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला है और अब तक 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है।

योजना का सामाजिक प्रभाव यह है कि बड़ी संख्या में महिलाएं अब पारिवारिक और आर्थिक निर्णयों में स्वतंत्र भूमिका निभा रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है, जिससे छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



### महिला सुरक्षा एवं संरक्षण अग्रणी

उन्होंने कहा, राज्य में कुपोषण के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के माध्यम से हजारों महिलाओं और बच्चों को त्वरित सहायता प्रदान की गई है। बाल संरक्षण सेवाओं, दत्तक ग्रहण, फॉस्टर केयर और न्यायिक प्रकरणों के निराकरण में भी छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

### जरूरतमंदों के कल्याण के लिए प्रभावी कदम

समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछले दो वर्षों में समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए व्यापक एवं प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, विधवा एवं परित्यक्त महिलाएं तथा उभयलिंगी व्यक्तियों के सामाजिक पुनर्वास और आर्थिक सशक्तिकरण हेतु योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।


## बिजनेस साइट

### डॉ. सुनील कालड़ा आज करेंगे 10 जरूरतमंदों का निशुल्क उपचार



रायपुर। पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड स्थित कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर के संचालक तथा अंचल के प्रसिद्ध कॉस्मेटिक व रिकन्स्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा अपने जन्मदिन 6 जनवरी के अवसर पर समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने जा रहे हैं। डॉ. कालड़ा इस दिन 10 जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन करेंगे। डॉ. कालड़ा लंबे समय से चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्हें शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान, चिकित्सा क्षेत्र का सर्वोच्च डॉ. बी.सी. रॉय अवार्ड, आदिवासी क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा हेतु इमरजिंग छत्तीसगढ़ अवार्ड तथा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। डॉ. सुनील कालड़ा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है, जिससे गरीब और असहाय मरीजों को राहत मिल सके। उनकी यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश दे रही है।

### मैट्स विश्वविद्यालय में तंबाकू नियंत्रण पर जागरूकता संगोष्ठी

रायपुर। मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी (एमएसईआईटी), मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग परिसर में सोमवार को 'राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम' विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय अस्पताल आरंग के चिकित्सा विज्ञान विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना एवं नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मैट्स विश्वविद्यालय के निदेशक एवं डीन रिसर्च डॉ. बृजेश पटेल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. श्रीराम मलानी एवं उनकी टीम ने आयोजन को सफल बनाया। कुलाधिपति गजराज पगारिया एवं महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### श्री नारायणा हॉस्पिटल में जटिल वैस्कुलर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सफल

रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में हाल ही में एक गंभीर औद्योगिक दुर्घटना के शिकार मजदूर की जटिल वैस्कुलर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। हादसे में मजदूर की बांई जांघ में अत्यधिक गर्म लोहे का रॉड घुस जाने से फेमोरल आर्टरी और वेन्स पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिससे उसकी जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. नीरज पांडे और उनकी टीम ने त्वरित निर्णय लेते हुए माइक्रो वैस्कुलर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की योजना बनाई। इस दौरान ग्रेटर सैफेनस वेन (जीएसवी) ग्राफ्ट की मदद से कटी हुई आर्टरी और वेन्स का सफल पुनर्निर्माण किया गया। साथ ही ग्रेसिलिस और रेक्टस फेमोरिस मसल फ्लैप्स का उपयोग कर मसल फ्लैप सैंडविच तकनीक से ग्राफ्ट को सुरक्षित कवर किया गया। लगभग 6 घंटे चली सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी तेजी से हुई और अब वह सामान्य रूप से चलने-फिरने में सक्षम है। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने कहा कि श्री नारायणा हॉस्पिटल में अत्याधुनिक वैस्कुलर और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सुविधाएं जटिल औद्योगिक दुर्घटनाओं में जीवन रक्षक सिद्ध हो रही हैं।





### रायपुर में होलसेल हफ्ते के बचे सिर्फ दो दिन अपनामार्ट दे रहा जबरदस्त बचत का मौका

रायपुर। शहर की प्रतिष्ठित रिटेल चेन अपनामार्ट में चल रहा होलसेल हफ्ता अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। 1 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस विशेष ऑफर के तहत ग्राहकों को स्टोर और मोबाइल ऐप, दोनों माध्यमों से होलसेल रेट का सीधा लाभ मिल रहा है। अब इस मेगा ऑफर के सिर्फ दो दिन शेष हैं। होलसेल हफ्ते के दौरान रोजमर्रा की जरूरतों के सामान पर शानदार बचत के साथ राइस मेला भी ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां विभिन्न किस्म के चावल बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं। फेस्टिव सीजन के बाद इस तरह के ऑफर्स ग्राहकों को बड़ी राहत दे रहे हैं। मात्र 1000 रु की खरीदारी पर सभी आइटम्स होलसेल रेट पर मिल रहे हैं। इसके अलावा 2500 रु की खरीदारी पर चीनी मुफ्त, एसबीआई कार्ड पर 5% कैशबैक और 500 रु की खरीद पर कैलेंडर फ्री जैसे ऑफर्स भी उपलब्ध हैं। अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अंतिम दिनों में इस मौके का अधिकतम लाभ उठाएं।




### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने निकाला नैतिकता एवं अनुपालन जागरूकता वॉकथॉन

रायपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा नैतिकता एवं अनुपालन सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया। यह वॉकथॉन 'कारोबार सर्वोपरि, अनुपालन सदैव' की थीम पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य बैंकिंग कार्यप्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना रहा। नवा रायपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से प्रारंभ हुई इस वॉकथॉन में बैंक के अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में रायपुर क्षेत्र प्रमुख अनुज कुमार सिंह, उप क्षेत्र प्रमुख विनोद कुमार पटेल एवं उप क्षेत्र प्रमुख अमित कुमार सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### 50% रोड टैक्स छूट के साथ राडा ऑटो एक्सपो 20 जनवरी से

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' का आयोजन 20 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक श्री राम बिजनेस पार्क, रायपुर में किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल ब्रांड्स अपने नवीनतम वाहन मॉडल प्रस्तुत करेंगे। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) ने राज्य सरकार द्वारा जीवनकाल रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट देने के निर्णय का स्वागत किया है। राडा अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी संबंधित मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ऑटोमोबाइल उद्योग और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात बताया। एक्सपो में ऑन-द-स्पॉट बुकिंग, आसान फाइनेंस, बीमा सुविधा और ईवी विकल्प उपलब्ध रहेंगे। राडा पदाधिकारियों को उम्मीद है कि इस बार बिक्री और राजस्व के नए रिकॉर्ड बनेंगे।




# एएफआरसी ने तय की पीजी की फीस, निजी मेडिकल कालेज एडवांस ट्रेनिंग के नाम पर वसूल रहे 6 लाख रुपए अतिरिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ क्लीनिकल सब्जेक्ट वालों पर अतिरिक्त भार, राशि नहीं तो शपथपत्र ले रहे

फीस विनियामक समिति निजी मेडिकल कालेजों में पीजी प्रवेश के लिए फीस का निर्धारण कर चुकी है। एडमिशन लेने वाले छात्रों से निजी कालेज एडवांस ट्रेनिंग के नाम पर 6 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि वसूल रहे है। एडमिशन के दौरान अगर कोई यह राशि नहीं दे पा रहा है तो उनसे चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर फैसला आने के बाद शुल्क जमा करने शपथपत्र लिया जा रहा है।

क्लीनिकल विषयों में एडमिशन लेने वाले पीजी के छात्र खुलकर तो कुछ नहीं बोल रहे हैं मगर चिकित्सा छात्र संगठनों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।उनका तर्क है कि फीस विनायमक द्वारा तय की गई राशि के अलावा एक रुपए अतिरिक्त नहीं लिया जा सकता। एएफआरसी ने वर्ष 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 के लिए निजी मेडिकल कालेजों के लिए क्लीनिकल और नॉन क्लीनिकल विषयों में पीजी विषय के लिए फीस का निर्धारण कर चुकी है। यह राशि साढ़े 10 लाख से 7.92 लाख रुपये प्रतिवर्ष है। चिकित्सा छात्रों का कहना है कि कालेज प्रबंधन द्वारा क्लीनिकल विषयों के छात्रों से एडवांस प्रोफेशनल ट्रेनिंग के नाम पर 6 लाख रुपए सालाना शुल्क वसूल रही है। जिन छात्रों द्वारा एडमिशन के दौरान यह राशि नहीं दे पाने के लिए कोई बड़ा कारण बताया जा रहा है उनसे फीस जमा करने के लिए शपथपत्र लिया जा रहा है। छात्र संगठन से जुड़े सूत्रों का कहना है समिति द्वारा निर्धारित राशि के अलावा किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग के लिए शुल्क लेना असंवैधानिक है।



### प्रस्ताव देने का तर्क

निजी कालेजों में एडमिशन लेने वाले कुछ छात्रों ने बताया कि तर्क दिया जा रहा है कि क्लीनिकल एडवांस ट्रेनिंग देने संबंधित प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को प्रेषित किया गया है। संचालनालय स्तर पर इसे अनुमति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। इस ट्रेनिंग में क्लीनिकल विषयों से संबंधित एडवांस विषयों की जानकारी देने का जिक्र है।

### अतिरिक्त शुल्क लेना गलत

फीस विनियामक आयोग द्वारा तय की गई राशि के अलावा अतिरिक्त राशि नहीं ली जा सकती। पीजी प्रवेश लेने वाले कुछ छात्रों द्वारा इस तरह की समस्या बताई गई है। इस संबंध में संचालनालय स्तर पर चर्चा की जाएगी।

*- डा. रेशम सिंह, अध्यक्ष जूनियर डाक्टर एसोसिएशन*

## पेज 11 के शेष ...

### भाजपा विधायक के बेटे ने ...

रफ्तार से आ रही कार बेकाबू होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर उपस्थित लोग पुलिस की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है, हादसे के समय कार में दो युवक और दो युवतियां सवार थीं। टक्कर के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस को मौके से कार से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले हैं।

### जेल में की खुदकुशी ...

अनुसार मृतकों के परिजनों को रात में ही घटना की जानकारी दे दी गई थी। पति की मौत की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी ललिता महानंद बेहोश हो गई। परिजनों ने प्रताड़ना से तंग आकर सुनील के फांसी लगाकर खुदकुशी करने का आरोप लगाया है। घटना के दूसरे दिन मृतक के परिजन के साथ भारी संख्या में समाज से जुड़े लोग तथा किन्नरों ने जेल परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया।

***घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद :*** सुसाइड की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। शाम के भोजन के बाद सुनील गले में गमछा लटकाए अपने बैरक के पास टहलता दिख रहा है। इस दौरान सुनील पेड़ के करीब पहुंचा, वहां उसने अपने गमछा को एक पेड़ की टहनी में बांधा और गमछे का एक छोर गले में बांधकर लटक गया। इस दौरान पहरेदारों की सुनील पर नजर पड़ी। पहरेदारों ने सुनील को पेड़ से नीचे उतारा, तब तक उसकी सांसें चल रही थीं। अस्पताल ले जाते सुनील ने दम तोड़ दिया।

***परिजनों का आरोप, बंदियों ने कपड़े तक छीन लिए थे :*** सुनील ने जेल के अष्टकोण बैरक के पीछे पीपल पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी की। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सुनील जिस बैरक में बंद था, वहां बंदियों ने सुनील के कपड़े तक छीन लिए थे। परिजनों के अनुसार वे सुनील से मिलने के लिए जाते थे, तो वो उनके पास जेल में साथी बंदियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाता था। परिजनों के अनुसार ठंड से बचाव के लिए उन लोगों ने सुनील के लिए तीन स्वेटर, पांच-छह जोड़ी कपड़े और खाने-पीने का सामान दिया था, लेकिन वह सामान उसे नहीं मिलने दिया गया और कथित तौर पर उसके पास पहुंचने से पहले छीन लिया जाता था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने सुनील को पैसे भेजे थे, लेकिन वह पैसे भी उसे नहीं दिए गए। उनका कहना है कि इन सभी कारणों से सुनील मानसिक तनाव में था।

### बच्चा चोरी करने की आशंका...

शक हुआ। उस व्यक्ति ने घटना की जानकारी अपने आसपास के लोगों को दी। बच्चा चोर आने की जानकारी मिलने पर पार्वती नगर के रहवासियों ने भारी संख्या में महिला को घेर लिया। भीड़ ने महिला से बच्चे के साथ बात करने का कारण सहित सवालों की बौछार कर दी। इससे घबराई महिला ने भागने की कोशिश की, तो स्थानीय रहवासियों ने उसकी जमकर पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ में घिरी महिला को बचाकर अस्पताल पहुंचाया।

### शीतलहर के रूप में लौटेगी ...

के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में बढोतरी हो गई थी। विक्षोभ आगे बढ़ चुका है जिसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट होने और ठंड का दौर शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों तक राज्य में ठंड का जोरदार असर रहेगा। इस दौरान राज्य के उत्तरी और मध्य हिस्से में शीतलहर की संभावना है। विभाग की ओर से मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, रायपुर, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, मोहला-मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान जिलों के कई पैकेट में अगले तीन दिन तक शीतलहर जैसी स्थिति रह सकती है। हवा में नमी कम होने की वजह से पिछले चौबीस घंटे में ज्यादातर शहरों का न्यूनतम तापमान अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। वहीं पेंड्रा तथा अंबिकापुर में जोरदार ठंड का दौर प्रारंभ हो चुका है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम पारा 4 डिग्री सेल्सियस और रायपुर का 14.3 हो चुका है।

### एक दिन में दो परीक्षाएं ...

एक दिन में दो परीक्षाएं आयोजित करने की स्थिति निर्मित हो गई है। माशिम प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक अंतिम परिणाम में जोड़ता है। विद्यालयों को तय समय पर प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक प्रेषित करना अनिवार्य है। प्री बोर्ड के आधार पर ही बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के लिए रणनीति बनाई जाती है। ऐसे में यह भी महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल के कैलेंडर का राज्यपाल ने किया विमोचन



**रायपुर।** लोक भवन में राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को महाराष्ट्र मंडल की 90वीं वर्षगांठ पर प्रकाशित वर्ष 2026 के कैलेंडर के विशेष अंक का विमोचन किया। कैलेंडर के कवर पेज को पढ़कर राज्यपाल काफी प्रभावित हुए। उन्होंने अपने स्टाफ से कैलेंडर की पांच कापियों को सुरक्षित रखवाया और उसे अपने असम दौरे पर ले जाने की बात कही। इससे पहले महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, सचिव चेतन गोविंद दंडवते, प्रमुख समन्वयक श्याम सुंदर खंगन और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने राज्यपाल का सूत माला, शॉल, श्रीफल से सम्मान किया।

### बहिष्कृत परिवार को धोबी समाज ने समाज में किया शामिल



**रायपुर।** धोबी समाज ने बहिष्कृत परिवार को समाज में ससम्मान शामिल किया है। संजय नगर टिकरापारा निवासी विजय निर्मलकर की बालिग सुपुत्री ने गुर्जर समाज के युवक से अंतरजातिय विवाह किया था। विजय निर्मलकर एवं उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी परवरिश में कमियां मानते हुए अपनी गलती मानी और अपने आप को समाज से बहिष्कृत माना, जिसके लिए उन्होंने समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर को समाज में शामिल करने के लिए आवेदन दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने पूरी जांच करने के लिए बिंदुवार जानकारी राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर से मांगी, जिसमें शहर अध्यक्ष ने आवेदक को सही पाया और इस बहिष्कृत परिवार को सह सम्मान शामिल करने के लिए प्रार्थना की। समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री निर्मलकर ने पुष्प माला के साथ ससमान ऑपरेशन घर वापसी के तहत समाज में इनको शामिल किया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि आप लोगों को रोटी-बेटी के लेन-देन में कोई दिक्कत नहीं आएगी। इस अवसर पर अंबे बाघमार, बोधीराम निर्मलकर, चंद्रहास निर्मलकर, कैलाश निर्मलकर, नरेंद्र निर्मलकर आदि अनेक सामाजिक बंधु शामिल हुए।

### भागवन श्रीराम की निकाली शोभायात्रा



**रायपुर।** एमडीएम ग्रुप दुर्गा मंदिर द्वारा रविवार को भागवन श्री रामचंद्र जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में वार्ड के सभी पदाधिकारी और वार्डवासी शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान वार्डवासियों ने श्रीरामचंद्र जी का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी भक्तजनों का स्वागत किया। यह कार्यक्रम मां दंतेश्वरी परिसर कुशालपुर वार्ड, विकास समिति वामन राव लाखे वार्ड 66 के जनसेवक ओम सोनकर के नेतृत्व में किया गया।

# एसटीपी निर्माण के बाद भी खारुन में कारा घाट से बिना ट्रीटमेंट छोड़ रहे दूषित पानी

## बिरगांव निगम के महापौर और आयुक्त ने लिया जायजा, कलेक्टर से करेंगे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सुविधा और संसाधन होने के बाद भी खारुन को दूषित जल से बचाने की तैयारी जिम्मेदारों की अनदेखी से फेल हो रही है। बिरगांव नगर निगम सीमा से सटे कारा घाट एवं एनीकेट स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थिति बदहाल है। उद्योगों का केमिकल युक्त पानी बिना फिल्टर किए ही नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे खारुन नदी को दूषित होने से बचाने की कवायद अधूरी है। इसकी गंभीरता को देखते हुए महापौर और निगम आयुक्त ने सोमवार को मौके का जायजा लिया। अब इस मामले में कलेक्टर से शिकायत करने की तैयारी है, क्योंकि इससे 40 वार्डों में जल प्रदाय किया जाता है। बिरगांव निगम के उरला औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले केमिकल युक्त और गंदे पानी का ट्रीटमेंट करने के लिए कारा घाट में एसटीपी प्लांट का निर्माण किया गया है। यहां उद्योगों से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी को शुद्ध करके खारुन में छोड़ा जाता था, लेकिन अभी कुछ माह से एसटीपी में दूषित पानी को बिना ट्रीटमेंट किए नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का पानी दूषित हो रहा है। कई उद्योगों का केमिकल युक्त दूषित जल सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। इसका असर सीधे तौर पर बिरगांव निगम क्षेत्र की जनता पर पड़ रहा है। एसटीपी के कुछ दूरी पर बिरगांव निगम का इंटकवेल है, जहां से बिरगांव क्षेत्र में जल आपूर्ति की जाती है। इससे देखते हुए निगम के महापौर नंदलाल देवांगन और आयुक्त युगल किशोर उर्वशा के साथ अधिकारियों की टीम ने मौके का जायजा लिया।

### निगम के इंटकवेल का निरीक्षण करके की चर्चा

इस मामले में महापौर ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जितने स्थानों से बिना ट्रीटमेंट के उद्योगों का पानी छोड़ा जा रहा, उन सभी नालों को बंद करने कहा है। निगम आयुक्त ने तकनीकी टीम के साथ बेंद्री स्थित निगम के इंटकवेल का निरीक्षण किया। वहां काम करने वाले तकनीकी टीम और एमआईसी सदस्य इकराम अहमद, संतोष साहू, कार्यपालन अभियंता डीएल. देवांगन से जानकारी लेने के बाद उन्होंने बताया कि एसटीपी संचालन की वस्तुति स्थिति को लेकर कलेक्टर से शिकायत की जाएगी।




## धमतरी की सुधा वर्मा, जांजगीर के अमित देवांगन की अनशन के दौरान तबीयत खराब

# डीएड अभ्यर्थी अनशन पर, दो की हालत बिगड़ी उपचार के लिए अभनपुर हास्पिटल में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना से नाराज प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। सोमवार को इनमें से दो अभ्यर्थी की तबीयत खराब होने पर उन्हें सुबह 4 बजे एंबुलेंस बुलाकर अभनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले जाया गया। इनमें धमतरी की सुधा वर्मा और जांजगीर के अमित देवांगन शामिल हैं। ठिठुराने वाली ठंड में डीएड अभ्यर्थी 24 दिसंबर से अपने हक की आवाज बुलंद करने आमरण अनशन पर बैठे हैं। अभ्यर्थी छठवें चरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर सभी पात्र डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने की मांग को लेकर धरने पर हैं। वहीं छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के रसोइया अनिश्चितकालीन आंदोलन पर डटे हैं।

### मध्यान्ह भोजन रसोइया प्रदेशव्यापी धरने पर

प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों के मध्यान्ह भोजन रसोइया अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदेशव्यापी धरना दे रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने, सरकार द्वारा घोषित 50 फीसदी मानदेय वृद्धि को तत्काल लागू करने और छात्र संख्या कम होने के नाम पर रसोइयों को हटाने की प्रक्रिया बंद करने की है। छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ के आव्हान पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से महिला व पुरुष रसोइया इस आंदोलन में शामिल हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज कश्यप ने कहा है, प्रातः 10 से लेकर दोपहर 3 बजे तक 5 घंटे काय करने के बाद 2 हजार मानदेय दिया जा रहा है, हमारी मांग है कि रसोइयों को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए। जब तक मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।





### डीएड अभ्यर्थी : नियुक्ति में देर पर अनशन

कोर्ट के आदेश की अनदेखी और नियुक्ति में देर से नाराज डीएड अभ्यर्थी आमरण अनशन पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती में करीब 2300 पद रिक्त हैं, जिनमें से 1600 से अधिक पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित या शेष हैं। इन पदों पर नियुक्ति नहीं होने के कारण आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और पात्र अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं। अभ्यर्थियों का ये भी कहना है कि सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवें चरण की काउंसिलिंग में 2600 पदों पर प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें से केवल 1229 अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली। बाकी के 1316 पद रिक्त रह कर साथ ही 984 काउंसिलिंग नहीं हुए पद पर भर्ती होनी है, इस तरह कुल 2300 पद अभी भी रिक्त हैं।

### छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों का धरना

आश्वासन नहीं आदेश चाहिए, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की वर्दी का सम्मान चाहिए के स्लोगन वाली तख्तियां हाथ में लिए सीएएफ भर्ती परीक्षा 2018 की प्रतीक्षा सूची वाले प्रदेश के 417 अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। भुक्तभोगियों का कहना है, जब मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को 1 वर्ष से अधिक समय बाद नियुक्ति दी गई, तो वेटिंग सूची अभ्यर्थियों का अधिकार क्यों छीना जा रहा है? हम सिर्फ अभ्यर्थी नहीं हैं, हमारे साथ हमारी मां, पिता, पत्नी और बच्चे भी नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं। पिछले 7 सालों से प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की गई, हमें केवल आश्वासन दिया जा रहा है। धरना स्थल पर परिवार के साथ कई अभ्यर्थी धरना देने पहुंचे हैं। इनमें उनके छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जो ठिठुरती ठंड में अनजान शहर में आंदोलन का हिस्सा बने हैं। विदित हो कि सीएसफ में 3 हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, जबकि विभाग के पास 417 युवा वेटिंग लिस्ट वाले हैं, विभाग इन्हें भर्ती दे सकता है। धरना दे रहे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों ने बताया कि हाल ही में उन्होंने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव कर उन्हें अपने परेशानी से अवगत कराया, विभागीय मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मुख्यमंत्री के समक्ष उनकी बातों को रखेंगे और उनसे प्रतिनिधिमंडल की मीटिंग भी कराएंगे।



### बिहान सक्रिय महिला संघ ने दिया धरना सड़क पर बैठकर नारेबाजी, प्रदर्शन



**रायपुर।** बिहान सक्रिय महिला संघ के तत्वावधान में महिलाओं ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी के राजीव गांधी चौक पर प्रदेशव्यापी धरना दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में आंदोलनकारी सड़क पर बैठकर अपने लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। सम्मानजनक मानदेय, यात्रा भत्ता बढ़ाने, सालों से कार्यरत सक्रिय महिलाओं को जबरिया काम से न हटाने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एनआरएलएम बिहान सक्रिय समूह की महिलाओं ने सोमवार को राजधानी में हल्ला बोला। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुंची बिहान की महिलाओं का कहना है कि उनका मानदेय 1910 रुपए मासिक है जो कि बहुत कम है, अतः इसे जीने लायक सम्मानजनक स्तर तक बढ़ाया जाए। मानदेय छत्तीसगढ़ शासन के न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत दिया जाए। ग्राम केवती भानुप्रतापपुर निवासी चंद्रिका यादव अनिता नेताम, मनीला तांडिया ने बताया कि महीने में 24 से 25 दिन उनसे कार्य लिया जाता है, जिसके एवज में मात्र 1910 रुपए मानदेय के रूप में भुगतान उन्हें किया जाता है, लेकिन पिछले 6 माह से यह भुगतान भी नहीं किया है। दुर्गकोंदल निवासी अनिला नेताम ने कहा कि 6 महीने से मानदेय नहीं मिलने के बाद भी उनसे हर महीने कार्य कराया जा रहा है। वे सभी घर-घर शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हैं, तथा उनकी मदद कर इन योजनाओं का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करते है। इसके लिए उन्हें कई बार सुबह 10 बजे से शाम 6 बज जाते हैं। इसके बाद भी न ही उनका मानदेय बढ़ाया जा रहा है और न ही तय मानदेय का भुगतान किया जा रहा है।

# जोन की यात्री ट्रेनों में बढ़ी निगरानी, 2 साल में 570 आरोपियों की गिरफ्तारी, तीन साल में 5.30 करोड़ का गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बीते दो वर्षों में अपराधों की रोकथाम से लेकर यात्रियों की सुरक्षा पर रेलवे सुरक्षा बल में विशेष अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत तीनों रेल मंडल बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में स्पेशल टास्क टीम व अपराध गुप्तचर शाखा को सक्रिय किया गया है। इन दो वर्षों में यात्री गाड़ियों में विशेष निगरानी बढ़ाई गई है, जिसकी वजह से 2024 में जहां 267 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी, जो निगरानी बढ़ाने से 2025 में यह संख्या 303 हो गई है। इन आरोपियों को संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया है। बता दें कि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने रात्रिकालीन एस्कॉर्टिंग की जा रही है। इसी तरह अवैध टिकट दलाली के विरुद्ध "ऑपरेशन उपलब्ध" के अंतर्गत वर्ष 2024 में 331 टिकट दलालों को गिरफ्तार कर लगभग 1.27 करोड़ मूल्य के टिकट जब्त किए गए, वहीं वर्ष 2025 में 277 दलालों की गिरफ्तारी कर 62.10 लाख मूल्य के टिकट बरामद किए गए। इन मामलों में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत विधिपूर्ण कार्रवाई की गई है।

- 2024 में 267 और वर्ष 2025 में 303 आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया
- 2025 में 7 मानव तस्करों को गिरफ्तार कर 12 लोगों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया

### आरपीएफ ने यात्री को 3 लाख का सामान सुरक्षित लौटाया

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए एक यात्री का लगभग 3,00,000 मूल्य का छूटा हुआ सामान सुरक्षित वापस किया गया। यात्री आशुतोष कुमार सिंह, निवासी हैदराबाद, गाड़ी संख्या 12811 लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में नासिक से हटिया की यात्रा कर रहे थे। वे कोच एच-01, बर्थ संख्या 05/06 पर सवार थे। यात्रा के दौरान अचानक तबीयत खराब होने के कारण वे दुर्ग रेलवे स्टेशन पर उतर गए, इसी दौरान ट्रेन छूट जाने से उनका सारा सामान ट्रेन में ही रह गया।

### 2025 में सर्वाधिक बच्चों का रेस्क्यू

ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते" के माध्यम से घर से बिछड़े बच्चों को सुरक्षित बचाकर उनके परिजनों से मिलाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वर्ष 2023 में कुल 275 बच्चों का रेस्क्यू किया गया, जिनमें 155 बालक एवं 120 बालिकाएं शामिल थीं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के दौरान 303 बच्चों को सुरक्षित बचाया गया, जिनमें 193 बालक एवं 110 बालिकाएं थीं। वहीं वर्ष 2025 में ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के अंतर्गत 304 बच्चों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया, जिनमें 184 बालक एवं 120 बालिकाएं शामिल रहीं। इन बच्चों को रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से उनके परिवारों को सौंपा गया, जिससे अनेक परिवारों में खुशियां लौटीं।

### 713.522 किलो मादक पदार्थ जब्त

नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश हेतु "ऑपरेशन नारकोस" के तहत वर्ष 2025 में 63 मामलों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार कर 713.522 किलोग्राम मादक पदार्थ (अनुमानित मूल्य 1.70 करोड़) जब्त किए गए। बीते तीन वर्षों में कुल 5.30 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थों की जब्ती कर 283 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया। मानव तस्करी की रोकथाम के लिए "ऑपरेशन आहट" के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समन्वय से सतत अभियान चलाया गया। वर्ष 2025 में 7 मानव तस्करों को गिरफ्तार कर 12 लोगों को तस्करी के चंगुल से मुक्त कराया गया।

# गुंडे-बदमाशों को बाहुबली कहना गलत, सिविल सोसाइटी की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले गुंडे-बदमाशों, गैंगस्टरों को बाहुबली नाम से नवाजा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने इस पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि बाहुबली जैन समुदाय के अराध्य हैं इसलिए उनके नाम का दुरुपयोग बंद होना चाहिए। सोसाइटी के संयोजक कुलदीप सोलंकी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है।

- भगवान बाहुबली के पवित्र नाम का दुरुपयोग बंद हो

सिविल सोसाइटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने मोदी को भेजे गए पत्र में कहा है कि भगवान बाहुबली अहिंसा, तप, त्याग और आत्मसंयम के सर्वोच्च प्रतीक हैं। वे न केवल जैन समाज, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति में उच्च नैतिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्तमान समय में "बाहुबली" जैसे पवित्र नाम का प्रयोग अपराधी, गैंगस्टर और माफिया तत्वों के लिए किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि इससे भगवान बाहुबली के सम्मान को ठेस पहुंचती है और जैन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इस तरह के शब्द प्रयोग समाज में नकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देते हैं और धार्मिक प्रतीकों का अनादर करते हैं। सरकार इस गंभीर विषय पर संज्ञान ले और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे कि भगवान बाहुबली एवं अन्य धार्मिक आराध्यों के नामों के आपत्तिजनक दुरुपयोग को दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। इस प्रकार के ठोस कदम से सामाजिक सौहार्द्र, धार्मिक सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक गरिमा की रक्षा संभव हो सकेगी।

### बजाज कॉलोनी में मनाया नववर्ष, बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति



**रायपुर।** बजाज कॉलोनी सेक्टर-2 महिला मंडल एवं रेसिडेंट एसोसिएशन बीसी ग्रुप द्वारा नववर्ष के स्वागत में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित अंबेडकर बालोद्यान में 4 जनवरी को किया गया। इसी दौरान मनोरंजक खेलकूद, कर्णप्रिय गीतों की स्वर लहरी से प्रवाहित होते हुए पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही बालक-बालिकाओं द्वारा महिलाओं के आत्मरक्षा के लिए कराटे, लाठी चालान आदि का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ केजे बिरला के संयोजन एवं विचार क्रांति ग्रुप अछोली के प्रमुख लक्ष्मीकांत शास्त्री के नेतृत्व में किया गया।

## वरिष्ठ नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर मीनल से की शिकायत

# सुंदर नगर के आम बगीचा में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण पर ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित सुंदरनगर के वरिष्ठ नागरिकों ने पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे के नेतृत्व में सोमवार को महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आम बगीचा में हो रहे बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण पर रोक लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा, साथ ही बगीचे को बगीचा पहले की तरह यथावत रहने दिए जाने का आग्रह किया है। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि आम बगीचे के घास वाले हरियाली क्षेत्र में जहां पेड़-पौधे और घास लगे हैं, वहां पर किसी भी प्रकार का कंक्रीट कर पेवर्स लगाकर खेलने के लिए बैडमिंटन कोर्ट न बनाएं। महापौर मीनल चौबे ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि इस पर संज्ञान लेकर मामले की जांच वे स्वयं करेंगी। दरअसल, सुंदरनगर क्षेत्र स्थित केयूरभूषण उद्यान आम बगीचा में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। इसके चलते बगीचे के हरे-भरे घास के लॉन को उजाड़ कर कंक्रीटीकरण कर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण हो रहा है। वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों ने आपत्ति जताई है। इसी सिलसिले में प्रतिनिधिमंडल ने महापौर मीनल चौबे से महापौर कार्यालय में पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे के नेतृत्व में मिलकर बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण को रोकने की मांग की। पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे ने महापौर के समक्ष यह बात रखी कि और बगीचे को बगीचा रहने दिया जाए 1 बगीचे के घास वाले हरियाली क्षेत्र में जहां पेड़ घास लगे हैं1 वहां पर किसी भी प्रकार का कंक्रीट कर पेवर्स लगाकर खेलने के लिए बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण नगर निगम के स्वीकृत इस्टीमेट के विरूद्ध करवाया जा रहा है। जो कि गलत है इस पर संज्ञान लिया जाए। यदि निर्माण अवैध हो रहा है तो तो ठेकेदार का भुगतान रोका जाए उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए और संबंधित अधिकारी जो की घास लान के क्षेत्र में बैडमिंटन कोर्ट पेवर्स लगाने का एस्टीमेट तैयार किया है, उस अधिकारी पर भी कार्रवाई करने की मांग प्रतिनिधिमंडल ने महापौर के समक्ष रखी है महापौर ने अश्वस्त किया है कि नगर निगम जनहित में काम करेगा।











04 मसालों की मिलावट से सेहत को बचाने...

## एजुकेशन अलर्ट

### रेलवे में आइसोलेटेड कैटेगरी पर निकली भर्ती, 29 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन




**रायपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल पोर्टल rrbapply.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन करने की लास्ट डेट 29 जनवरी एवं फीस जमा करें की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित है। रेलवे की ओर से आइसोलेटेड कैटेगरी के अंतर्गत कुल 312 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पद का नाम एवं उनकी संख्या की डिटेल आप यहां चेक कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 12वीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट होना तक आवश्यक होगा। इसके अलावा भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। वहीं, अधिकतम आयु पदानुसार 30/ 32/ 33/ 35/ 40 वर्ष निर्धारित है। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी। पात्रता एवं मापदंड की पदानुसार डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

#### आवेदन फार्म का शुल्क

फॉर्म भरने के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 500 रुपए, वहीं एससी, एसटी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को एप्लीकेशन फीस 250 रुपए जमा करनी होगा। आवेदन शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किया जा सकता है। सीबीटी 1 के बाद जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को 400 रुपए एवं एससी, एसटी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को पूरा 250 रुपए रिफंड कर दिया जाएगा। इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार स्वयं ही फॉर्म भर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन की स्टेप्स एवं लिंक नीचे दिया जा रहा है। फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले पोर्टल **rrbapply.gov.in** पर विजिट करें। वेबसाइट के होम पेज पर आपको क्रिएट एन अकाउंट पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन कर लेना है। इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करना है। कैटेगरी वाइज निर्धारित शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर देना है। अंत में फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

● पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों ने जमाया रंग

# राजस्थानी रीमिक्स ने स्टेज पर बिखेरी सतरंगी छटा गरबा और पंथी की श्रृंखला से सजाया 'आयुर्फेस्ट'

'आयुर्वेद कॉलेज में दिनभर पढ़ाई और लोगों की सेवा व आयुर्वेद से जुड़े छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरी। सोमवार को दोपहर दो बजे से ही गीत-संगीत और उत्सव का साक्षी बनने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के दर्शक दीर्घा में उत्साह का माहौल बनना शुरू हुआ। स्टेज पर सतरंगी छटा बिखेरने में भावी आयुर्वेद चिकित्सकों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी ने राजस्थानी कला, संस्कृति की छाप रीमिक्स गीतों नृत्यों की श्रृंखला सजाते हुए छोड़ी। इसके बाद गरबा और पंथी सहित रॉक स्टार्स की फिल्मी गीतों पर परफॉर्म करते हुए लोगों को बेहतर माहौल दिया।'



**रायपुर।** जीई रोड स्थित श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद कॉलेज ने इस वर्ष भी आयुर्फेस्ट 2026 को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजाने का प्रयास किया। इसके लिए सोमवार को सुबह से ही भावी आयुर्वेद चिकित्सकों ने फूलों से ऑडिटोरियम के एंट्री पाइंट पर आकर्षक रंगोली सजाई। आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचने वाली ज्यादातर छात्राओं ने इस रंगोली के साथ तस्वीर बनाने में रुचि दिखाई। पारंपरिक तरीके से आयुर्फेस्ट का शुभारंभ आयुष विभाग की संचालक सुश्री संतन देवी जांगडे ने किया। छात्रों ने मंत्रोच्चारण, शंखनाद से धनवंतरी वंदना और राज्यगीत गाए गए। संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास और संस्था के पूर्व प्राचार्य डॉ. डीके कटरिया, डॉ लीला पाण्डेय, डॉ एके कुलश्रेष्ठ, डॉ. आरएन त्रिपाठी, डॉ. जीएस बघेल, डॉ. जीआर चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।




### 15 दिनों की तैयारी से छात्र-छात्राओं ने मचाई धूम

प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार जोशी ने मुख्य अतिथि सुश्री संतन देवी जांगडे और संस्था के पूर्व प्राचार्यों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। डॉ. जीआर चतुर्वेदी प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद कॉलेज बिलासपुर, डॉ जीआर रात्रे छात्र संघ प्रभारी, कॉलेज के पूर्व प्राचार्यों के साथ प्राध्यापक, छात्र- छात्राएं और अधिकारी, कर्मचारी भी इस आयोजन का हिस्सा बने। कायचिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणा ओझा के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा पिछले 15 दिनों से सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के लिए की गई तैयारी ने लोगों को एक यादगार पल देने का सफल प्रयास किया। आयुर्फेस्ट 2026 का संचालन डॉ. संजय शुक्ला और आभार प्रदर्शन डॉ. जीआर रात्रे ने किया।



### भक्ति गीतों और रीमिक्स सांग्स से सजाया मंच

छात्र-छात्राओं ने रॉक बैंड की तर्ज पर रीमिक्स सांग्स से ऐसी समां बांधा की लोग उत्साह से झूमने के लिए मजबूर हुए। इस बीच छात्रों और छात्राओं ने मिलकर रीमिक्स भक्ति गीतों पर परफॉर्म करते हुए लोगों के बीच सामूहिक राजस्थानी, गरबा, छतीसगढ़ी, पंथी नृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति से अवसर को खास बनाने का प्रयास किया। इस आयोजन का समापन देर शाम किया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्राध्यापकों और प्रोफेसर्स के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने व्यस्था की कमान संभाली।



### पेश की विभिन्न संस्कृति की आकर्षक झलक

आयुर्फेस्ट में कॉलेज के स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्कृति को ध्वनि यन्त्र, गीत, नृत्य और नाट्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति की छठा बिखेरी। छात्रों ने नाट्य प्रस्तुति द्वारा भारत में तेजी से फल- फूल रहे दवा निर्माता कंपनियां की नकली दवाओं के मायाजाल को दिखाने का प्रयास किया। साथ ही गुणवत्ताविहीन दवा के विरोध में नकली कफ़ सिरप काण्ड को प्रस्तुत करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बेहतर बताया। इसे दर्शकों से भी अच्छा रिस्पांस मिला।



## सिटी इवेंट

### थाईलैंड में घट रही सड़क दुर्घटनाएं, कारण यहां लोग अनिवार्य रूप से पहनते हैं हेलमेट



**रायपुर।** रायपुर कृषि महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 01 से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान व खुली परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह आयोजन ट्रैफिक पुलिस द्वारा कृषि महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे (अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा कमेटी नई दिल्ली) रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में संजय शर्मा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यातायात), पुलिस मुख्यालय रायपुर, फरिहा आलम सिद्दीकी, संयुक्त सचिव शिक्षा विभाग, डी. रविशंकर, अपर आयुक्त, परिवहन तथा एम. आर. अहीर, उप महानिरीक्षक पुलिस की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ. संजय शर्मा (अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय) तथा डॉ. आरती गुहे (अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. पी. के. सांगोड़े द्वारा किया गया।



#### छत्तीसगढ़ सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में देश में 12वें स्थान पर

न्यायमूर्ति सप्रे ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क दुर्घटनाएं दैवीय नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही का परिणाम हैं और इन्हें रोका जा सकता है। उन्होंने विभिन्न वीडियो क्लिप के माध्यम से बताया कि हेलमेट किस प्रकार जीवन रक्षक सिद्ध होता है। वहीं, तेज गति, ट्रैफिक नियमों की अवहेलना एवं सिग्नल तोड़ने से होने वाली घातक दुर्घटनाओं के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। उन्होंने वियतनाम एवं थाईलैंड के उदाहरण देते हुए बताया कि वहां यातायात नियमों के सख्त पालन एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग से सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। न्यायमूर्ति सप्रे ने बताया कि छत्तीसगढ़ सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में देश में 12वें स्थान पर हैं, जबकि रायपुर में बीते वर्ष 2025 में 618 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत मामलों में मृत्यु हुई। उन्होंने युवाओं से अपील की कि हेलमेट ट्रैफिक पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए पहनें। कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले पांच लोगों को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके मानवीय एवं समाजोपयोगी कार्यों की सराहना की गई।

श्रीराम नगर फेस-2 रेजिडेंटस एसोसिएशन शंकर नगर में सांस्कृतिक व खेल महोत्सव का आयोजन हुआ

## बच्चे-बड़ों ने गीत-संगीत और खेल प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**रायपुर।** सोमवार को श्रीराम नगर फेस-2 रेजिडेंटस एसोसिएशन शंकर नगर में सांस्कृतिक व खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों टिया थदलानी, आराध्या दीक्षित, सावनी तोलवानी, आरायही शर्मा एवं जानवी अरावलिया ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध किया। वहीं, छाया गीत आर्केस्ट्रा के गायक विजय पंजवानी ने नए पुराने गानों से कार्यक्रम में समा बांधा। अहसानुल अजीम एवं लावण्या अग्रवाल ने गायकी और जनक पिदवानी ने कविता पाठ से रेजिडेंटस वालों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। उन्होंने पुरस्कार वितरण किया तथा कॉलोनी के विकास में हमेशा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। श्रीराम नगर फेस 2 रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बीडी थदलानी, महासचिव सुनील त्रिमडे तथा समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने कॉलोनीवासियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न किया। कार्यक्रम के दौरान मेरिट छात्रों एवं प्रथम पांच परिवारों को सम्मानित किया गया। पुरुष, महिला एवं बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। विशेष रूप से 10 वर्ष से कम आयु के 30 बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। अशोक माखीजा द्वारा आयोजित सरप्राइज़ प्रश्नोत्तरी में 30 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



#### इन खेलों में प्रतिभागियों ने लिए भाग

खेल स्पर्धा बिल्किट पंजा में पुरुष वर्ग के विजेता कपिल अरावलिया रहे। वहीं, सर पर ग्लास रख प्रतियोगिता में प्रथम अथर्व आलोनी, चम्मच-गिलास में कपिल माखीजा ने बाजी मारी। जबकि महिला वर्ग में बकेट बैलून प्रतियोगिता में प्रथम श्वेता दधीचि, बिल्किट पंजा प्रतियोगिता में प्रथम सानवी तोलवानी, पेन कप खेल में प्रथम स्थान पर सोनी शर्मा रही। इसके अलावा बच्चों की प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर अनुकृत शर्मा, टेबल टेनिस में प्रथम अनुनय शर्मा रही।

## दाम्पत्य जीवन के 45 साल पूरा करने वाले 21 दंपतियों का 11 को होगा सम्मान

**रायपुर।** ऑल इंडिया ब्राम्हण फ्रंट की बैठक रविवार को बूढ़ापारा शिशु मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 11 जनवरी को ब्राम्हण समाज के ऐसे 21 दंपतियों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने दाम्पत्य जीवन के 45 साल पूरे कर चुके हैं। इन्हें सवण दंपती सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह 10 ऐसे बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने अपने जीवन के 80 वसंत पूरे कर लिए हैं। इन्हें धरोहर सम्मान से सम्मानित किया जाएग। सिविल लाइन रायपुर स्थित वृंदावन हाल में कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी निवेदिता मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास, पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ होंगे।

#### ये रहेंगे उपस्थित

प्रमुख अतिथि पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, सीमा ओझा, पूर्व अध्यक्ष योग आयोग ज्ञानेश शर्मा, जैतूसाव मठ के ट्रस्टी अजय तिवारी होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व वन संरक्षक राकेश तिवारी होंगे। ऑल इंडिया ब्राम्हण फ्रंट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेश तिवारी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अखंड ब्राम्हण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष योगेश तिवारी, अवधेशधर दीवान, सुधीर तिवारी, प्रदीप मिश्रा, विमल ओझा, साधना शुक्ला, सुनिता तिवारी, लता पांडे, सुभदा तिवारी, सविता शर्मा, डॉ. मल्लिका मिश्रा समेत बड़ी संख्या में सदस्यगण मौजूद थे। उक्ताशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शशांक खरे ने दी।

स्टूडेंट्स में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी का ट्रेंड तेजी से बदला

# बोर्ड स्टूडेंट्स सब्जेक्ट टॉपिक्स का बना रहें नोट्स अनसॉल्व्ड पेपर, कुंजी को कर रहे इग्नोर

कार्नर न्यूज

स्टूडेंट्स में 10 वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी का ट्रेंड तेजी से बदल रहा है। अब स्टूडेंट्स स्टेशनरी दुकानों परीक्षा की अनसॉल्व्ड पेपर और कुंजी-गाइड खरीदने की जगह क्लास में पढ़ाए सब्जेक्ट की टॉपिक्स का नोट्स तैयार कर पढ़ाई करने में ज्यादा विश्वास जता रहे हैं।





**रायपुर।** सदर बाजार रोड स्थित स्टेशनरी व बुक डिपो के संचालक विशेष अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में छात्रों के बीच बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनसॉल्व्ड पेपर और कुंजी की मांग में कमी आई है। इस बदलाव के मुख्य कारण आधुनिक तकनीक और अध्ययन के नए तरीके हैं। एक तो एजुकेशन बोर्ड प्री बोर्ड, ब्लूप्रिंट जैसी नवाचार से स्टूडेंट्स को तैयारी करा रहे हैं। वहीं, छात्र इंटरनेट पर आसानी से पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र मॉडल पेपर्स और उनके हल डाउनलोड कर सकते हैं। कई शैक्षिक वेबसाइटें और ऐप्स मुफ्त में या बहुत कम कीमत पर यह सामग्री उपलब्ध कराते हैं। ऑनलाइन कोचिंग और ट्यूशन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विस्तृत समाधान और परीक्षा की रणनीतियां प्रदान की जाती हैं, जिससे पारंपरिक कुंजी-गाइड की आवश्यकता कम हो गई है। व्यक्तिगत शिक्षण छात्र अब अपनी ज़रूरतों के अनुसार अध्ययन सामग्री चुन सकते हैं, बजाय एक सामान्य कुंजी पर निर्भर रहने के, जो सभी के लिए एक जैसी होती है। यही कारण है कि आज बुक डिपो पर सब्जेक्ट के किताबों के अलावा पारंपरिक कुंजी-गाइड की डिमांड कम हो चुकी है।

#### छात्र अब रटने की बजाय विषयों को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रहे

शिक्षाविद् विकास दुबे का कहना है कि शिक्षा प्रणाली में बदलाव, मूल्यांकन के तरीकों में बदलाव और कॉन्सेप्ट-आधारित प्रश्नों पर अधिक जोर देने के कारण छात्र अब रटने की बजाय विषयों को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे गाइड-कुंजी की उपयोगिता कम हुई है। सच तो यह है कि तकनीक और शिक्षा के आधुनिक तरीकों ने छात्रों को तैयारी के लिए अधिक सुविधाजनक और प्रभावी विकल्प दिए हैं, जिससे पारंपरिक अनसॉल्व्ड पेपर्स और कुंजी को स्टूडेंट्स इग्नोर कर रहे हैं।

**सिटी लाइव**

## विद्यार्थियों की मॉडल प्रदर्शनी में दिखी छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की झलक





**रायपुर।** शिवम एजुकेशनल एकेडमी, इंद्रप्रस्थ में छत्तीसगढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव की थीम 'अपनी धरोहर, अपनी पहचान' विषय पर रखा गया। इस थीम पर महोत्सव में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोककला, लोकनृत्य, इतिहास एवं जनजीवन से रूबरू कराना रहा। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. सुरेश देशमुख, रामेश्वर वैष्णव, अरुण निगम रहे। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। प्रदर्शनी में उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथिगण ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों, चार्टों एवं विविध प्रस्तुतियों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। महोत्सव में बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति की प्रशंसा खूब हुई। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति के प्रति गौरव एवं नवाचारी सोच का विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग एवं सक्रिय योगदान रहा।

● गृहणी किचन के लिए उगा रहें धनिया, तेज पत्ता, मीठा नीम पत्ती, हरी मिर्च जैसे मसाले के पौधे

# मसालों की मिलावट से सेहत को बचाने होम गार्डन में उगा रहे आर्गेनिक स्पाइस प्लांट

सब्जी का स्वाद मसालों के बिना अधूरा होता है। वहीं, परिवार की सेहत का राज गृहणी के हाथों में होता है। बदलते पर्यावरण और बाजार की प्रतिस्पर्धा में रसोई की जरूरत की सामग्रियों में मिलावट आम हो चुकी है। ऐसे में मसाले जो कि ज्यादातर बाजार में पाउडर और पैकिंग फार्म में उपलब्ध हो रहे हैं, उसकी मिलावट से सेहत को बचाने गृहणियों ने नवाचार किया है। अमलीडीह की रहने वाली गृहणी अर्चना गोस्वामी ने अपने होम गार्डन में बिना किसी रासायनिक खाद के इस्तेमाल से रसोई के लिए जरूरी मसाले के पौधे आर्गेनिक पद्धति से उगा रही हैं।



### ऐसे उगा रही गार्डन में मसाले की क्यारियां

*उन्होंने बताया कि होम गार्डन में ऑर्गेनिक मसाले उगाने के लिए अच्छी जल निकासी वाले गमले और कुछ क्यारियां बनाई हैं, जहां पर अच्छी धूप आती है उस जगह का चयन किया है। उन पौधों के अच्छी ग्रो के लिए जैविक खाद के रूप में गोबर की खाद, वर्मीकम्पोस्ट, नीम खली का उपयोग करती हूं। मिट्टी को नम रखें और पानी कम मात्रा में जरूरत के अनुसार देती हूं। होम गार्डन में धनिया, तेज पत्ता, मीठा नीम पत्ती, हरी मिर्च, हल्दी, अदरक, ऑल स्पाइस प्लांट, लौंग, इलायची, काली मिर्च और जायफल जैसे मसाले आसानी से उगा रही हूं।*

**रायपुर।** अर्चना बताती हैं कि वह एक गृहणी हैं और उनका पूरा दिन रसोई और परिवार के देखभाल में लगा रहता है। ऐसे में उन्होंने होम गार्डन में ताजी सब्जियों के साथ-साथ मसालों के पौधे उगाने की नवाचार किया। उन्होंने बताया, मसाले की रोपाई के लिए उन्होंने बागवानी विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लिया है। ताकि मसाले के पौधे सही से आर्गेनिक पद्धति से ग्रो कर सके और उन्हें किचन के लिए ताजी और होम मेड मसाले प्राप्त हो सके। इस पहल से एक तो वह बाजार से रेडिमेड मसाले की खरीदी और मिलावटी मसाले की सेवन से अपनी परिवार को बचा रही हैं, वहीं महंगाई के इस दौरान में मसाले पर खर्च होने वाले बजट को भी सेविंग कर पा रही हैं।





### किचन के लिए तैयार करती हैं होम मेड मसाले

अर्चना बताती है कि वह होम गार्डन से धनिया, तेज पत्ता, मीठा नीम पत्ती, हरी मिर्च को तुरंत ताजी मसाले के तौर पर इस्तेमाल करती हैं। वहीं, ऑल स्पाइस प्लांट, लौंग, इलायची, काली मिर्च और जायफल, हल्दी जैसे मसालों को सूखाकर होम मेड मसाले तैयार करती हैं। इन मसालों को उगाने से स्वाद और इसके देखभाल से फिजिकल एक्टिविटी दोनों एक गृहणी के तौर पर मेरे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक साबित हो रही है।

### मसाले में होते हैं एंटीऑक्सीडेंट के गुण

डाइटिशियन मेघा आहूजा बताती हैं कि भोजन का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ मसाले सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। क्योंकि, इनमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो पाचन सुधारने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, हृदय स्वास्थ्य और मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। लेकिन, इनका संतुलित मात्रा में सेवन ज़रूरी है।

**समाज लाइव**

## बौद्ध महासभा ने मनाया शौर्य दिवस सावित्री बाई फुले को किया याद



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई एवं वार्ड शाखा भीमनगर द्वारा भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस, क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले जयंती के साथ ही स्त्री मुक्ति दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बुद्ध वंदना से की गई। मुख्य अतिथि अल्का ताई बोरकर ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा के लिए माता सावित्रीबाई फुले ने मजबूत आधार स्तंभ स्थापित करने के लिए परिस्थितियों एवं सामाजिक मानसिकता से लड़ने का साहस दिखाया। उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। प्रदेश महासचिव बेनीराम गायकवाड़ ने महापुरुषों के इतिहास जानने के लिए कहा। भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके द्वारा समाज को पुनः संगठनों के माध्यम से जोड़ने को लेकर बात रखी।

### फैंसी ड्रेस के माध्यम से महापुरुषों की बातें रखी

उन्होंने कहा कि जिस तरह 1818 में भीमा कोरेगांव में सम्मान की लड़ाई लड़ी गई और उसमें महार सेना ने पेशवाओं को हराकर विजय प्राप्त किया। अब समय आ गया है, अपने हक की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। जिला कोषाध्यक्ष जीएस मेश्राम ने माता सावित्री बाई फुले का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। मंच संचालन सुनंदा ताई बघेल ने किया। बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस के माध्यम से महापुरुषों की बातें रखी गई। विजय गजघाटे जिला महासचिव द्वारा बच्चों को पेन, चाकलेट देकर प्रोत्साहित किया। करुणा ताई वासनिक ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में डीसी मेश्राम, सुरेन्द्र कोल्हेकर, खुशाल टेंभुरने, भावेश परमार ने सहयोग दिया।

## मुक्तांगन में भगवान श्रीराम के पदचिन्हों पर आधारित कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र



*रायपुर। नवा रायपुर स्थित मुक्तांगन में भगवान श्रीराम के पदचिन्हों पर आधारित अनोखी कलाकृति लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। दीवारों पर उकेरी गई पेंटिंग और छत्तीसगढ़ के नक्शे के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि प्रभु श्रीराम राज्य के किन-किन जिलों से होकर गुज़रे थे। इन कलाकृति से धार्मिक और ऐतिहासिक जानकारी मिल रही है। मुक्तांगन पहुंच रहे लोगों के बीच यह आकर्षण का केंद्र भी बन गई है।*







## 8 फरवरी को माता परमेश्वरी महोत्सव में निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** देवांगन जन कल्याण समिति की आम सभा परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नई प्रबंधकारिणी का त्रैवार्षिक चुनाव आगामी 25 जनवरी को संपन्न होगा साथ ही 8 फरवरी को परमेश्वरी महोत्सव मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। आमसभा में महिलाओं ने समिति की बागडोर किसी महिला को सौंपने की मांग उठाई।



### समिति की बागडोर महिला को सौंपने रखी मांग

अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने बताया कि आम सभा में पारित प्रस्ताव के अनुसार अब समिति के सभी सदस्यों को मतदान का अधिकार होगा। पहले कुछ चयनित सदस्यों को ही मतदान का अधिकार मिलता था। आमसभा में महिलाओं ने समिति की बागडोर किसी महिला को सौंपने की मांग उठाई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने उत्साह पूर्वक चुनाव प्रक्रिया संबंधी अनेक सुझाव दिये। घनश्याम देवांगन ने अपने प्रबंधकारिणी के द्वारा संपादित पिछले 3 वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्टकार्ड सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनकी टीम के द्वारा देवांगन समाज में सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर अनेक नवाचार एवं जनहित के कार्य किए गए हैं।

## ईसा मसीह पर आधारित गाए रवीन्द्र संगीत और प्रार्थना गीत, किया वेद मंत्र और आलेख पाठ

**रायपुर।** कला, संगीत, नृत्य, वादन प्रशिक्षण संस्था गीत वितान कला केन्द्र स्कूल ऑफ परफार्मिंग आटर्स द्वारा संस्था का 33वां स्थापना दिवस रूआबांधा संस्था के भवन में मनाया गया। जिसमें विशेष रूप से बैंक आफ बड़ौदा की शाखा प्रबंधक मौमीता मंडल, डाक्यूमेन्ट्री फिल्म मेकर सत्येन्द्र टण्डन और शक्तिपद चक्रवर्ती अध्यक्ष कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़, मुख्य संरक्षक ऑफिसर एसोसियेशन अध्यक्ष एन के बंछोर, पूर्व सचिव परविन्दर सिंग विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था की अध्यक्ष रजनी सिन्हा, उपाध्यक्ष सोमेन कुण्डू और कार्यकारणी समिति सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था की छात्रा सुपर्णा चक्रवर्ती, जॉली चक्रवर्ती द्वारा वेद मंत्र और आलेख पाठ किया गया। इसके पश्चात संस्था के विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तीर्ण विशारद एवं स्नातकोत्तर रत्न उपाधि प्रस्तुति पत्र अतिथियो द्वारा प्रदान किया गया।

**कैंपस लाइव**

## सियान गुड़ी में आपसी सहयोग से किया लेमन ग्रास का रोपण



**रायपुर।** ज्येष्ठ नागरिक मंच 'सहयोग' ने नववर्ष पर पहली बैठक समता कालोनी स्थित सियान गुड़ी यानी दिव्यांग बालिका विकास गृह में की गई। नववर्ष मिलन के साथ रोचक गेम्स ने अवसर को और मनोरंजक बना दिया। इस दौरान परिसर में लेमन ग्रास का रोपण भी किया गया। आयोजन की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। जिन सदस्यों का जन्मदिन जनवरी माह में होता है, उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। मकर संक्रांति के पूर्व तिल-गुड़ देने की परंपरा भी ग्रुप के वरिष्ठतम सदस्यों द्वारा निभाई गई। इसमें सभी सदस्यों को तिल के लड्डू बांटे गए। महिलाओं द्वारा महाराष्ट्रीयन प्रथा के अनुसार हल्दी और कुमकुम लगाया गया। सहयोग मंच की अध्यक्ष अपर्णा कालेले ने साल 2025 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### रोचक व मनोरंजक तरीके से तंबोला खेलने का दिया अवसर

अपर्णा ने बताया कि सहयोग में 96 सदस्य हैं। इसमें कई सदस्य 90 वर्ष से भी अधिक आयु के होने से उनका उत्साह सभी को प्रेरित करता है। पिकनिक में उनका शामिल होना आश्चर्य की बात है। इसमें संपूर्ण खर्च व आवक- जावक का ब्योरा सदस्यों के समक्ष रखा। अरविंद वाघ व श्रवण चोरनेल ने कविता पाठ किया। दिव्या पात्रीकर और दीपांजलि भालेराव ने रोचक व मनोरंजक तरीके से तंबोला खेलने का अवसर दिया। सियान गुड़ी के संरक्षक श्याम सुंदर खंगन ने सियान गुड़ी के बारे में सभी सदस्यों को अवगत कराया। वहीं, कृषि वैज्ञानिक डॉ. जेएस उरकुरकर के निर्देशन में सियान गुड़ी परिसर में सजावटी पौधों और लेमन ग्रास का भी रोपण किया गया।

**शहर के पेठा लाइन, नयापारा में नव निर्माणाधीन श्री बांके बिहारी मंदिर का बाहरी हिस्सा होगा आकर्षण का केन्द्र**

# मार्बल आर्ट से तराशेंगे श्री बांके बिहारी का गर्भगृह दर्शन करने लिफ्ट से जाएंगे बुजुर्ग और दिव्यांग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शहर के पेठा लाइन और नयापारा सहित सदर बाजार क्षेत्र में स्थित 155 साल पुराने श्री बांके बिहारी मंदिर का नव निर्माण अब अंतिम क्रम में है। मंदिर का बाहरी थ्रीडी डिजाइन ही नहीं, बल्कि भगवान का गर्भगृह भी आकर्षण का केन्द्र होगा। इसे तराशने के लिए जयपुर के कारीगरों को जिम्मेदारी दी गई है। मार्बल आर्ट से यू आकृति में अलग-अलग आराध्य देवों का स्वरूप दिया जाएगा। इसे सीएनसी तकनीक से कारीगरों द्वारा आकर्षक बनाया जाएगा। इसके साथ ही इंटीरियर्स की सलाह पर रंगीन लाइटों से आंतरिक हिस्से को खास बनाने का प्रयास जारी है। मंदिर के ट्रस्टी अजय खेतान ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य में ग्राउंड फ्लोर को एक विशाल हाल के रूप में तैयार किया जा रहा है। इसके ऊपरी माले पर आराध्य देव गर्भगृह में विराजेंगे।



### दर्शन के लिए आने-जाने लगेगा लिफ्ट

मंदिर निर्माण में हर वर्ग के श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें जो सक्षम हैं वे सीढ़ियों से भगवान का दर्शन करने के लिए जा सकते हैं। इसके अलावा जो शारीरिक रूप से सीढ़ियों को चढ़ने में सक्षम नहीं होंगे, ऐसे लोगों को भगवान के गर्भगृह तक पहुंचाने के लिए लिफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही खास अवसर पर लोगों को आस्था का माहौल ग्राउंड फ्लोर पर ही मिलने वाला है, क्योंकि बड़े आयोजनों के लिए इसे प्राथमिकता दी जाएगी। इस लिहाज से ही मंदिर के नवनिर्माण की रूपरेखा तय करने के साथ ही काम जारी है।

### फरवरी तक अंतिम रूप देने का प्रयास

पुरातत्व कला की यह शानदार डिजाइन आने वाले समय में अपनी अद्भुत छटा के लिए जानी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह शानदार 3डी डिजाइन इंजीनियर नीरज गज्जर ने तैयार किया है। इससे पहले वे कौशल्या माता मंदिर की बाहरी साज सज्जा को डिजाइन कर चुके हैं। मंदिर को वास्तु सम्मत बनाने के लिए प्रसिद्ध ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्री सुमित विज की सेवाएं ली गई हैं। मंदिर का संपूर्ण लेआउट व 2डी डिजाइन में देखने को मिलेगा। इस निर्माण की लागत डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा अनुमानित है। इसे फरवरी तक अंतिम रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर माहौल भी मिलेगा।



## ज्योतिष

# कल से चमक सकता है इन राशियों का भाग्य, धनलाभ के योग



आपको बता दें कि 7 जनवरी को बुध ग्रह पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर शुक्र ग्रह का आधिपत्य है। ऐसे में बुध का शुक्र के नक्षत्र में प्रवेश कुछ राशियों को लाभकारी साबित हो सकता है। साथ ही इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ और भाग्योदय के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**मिथुन राशि :** आप लोगों के लिए बुध ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। इस समय आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। आपकी आय में वृद्धि होगी। इस दौरान आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में खुशहाली आएगी। इस समय इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या राशि :** बुध ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन कन्या राशि के जातकों को सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि एक तो बुध आपकी राशि के स्वामी हैं। इसलिए इस समय आपको काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। घर में कोई शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न होगा। किसी काम में बड़ी सफलता मिल सकती है। साथ ही आपको कार्यों में किस्मत का साथ मिलेगा।

**मेष राशि :** आप लोगों के लिए बुध ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस समय आपकी आय में जबरदस्त वृद्धि हो सकती है। साथ ही आय के नए- नए माध्यम बन सकते हैं। वहीं इस दौरान नई नौकरी और सैलरी बढ़ने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और रिश्ते मधुर होंगे। वहीं आपके परिवार के लोगों के साथ संबंध पहले से बेहतर होंगे।

# संक्रांति से इन राशियों का शुरू हो सकता है 'स्वर्ण काल'



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार,14 जनवरी 2026 को सूर्य देव धनु राशि से निकलकर अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करेंगे। मकर राशि में सूर्य के आने से कुछ राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। इस समय शनि मीन राशि में विराजमान है। ऐसे में सूर्य और शनि का ये विशेष संयोग कुछ राशि के जातकों को किस्मत का साथ दिला सकता है। करियर, धन और मान-सम्मान में जबरदस्त लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। ये विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है।

**मेष राशि :** इस राशि में ग्रहों के राजा सूर्य दसवें भाव में रहने वाले हैं। सूर्य के कर्म भाव में होने से इस राशि के जातकों को करियर के क्षेत्र में काफी लाभ मिल सकता है। आपके काम की सराहना की जाएगी। इसके अलावा पदोन्नति के साथ वेतन वृद्धि के प्रबल योग बन रहे हैं। नई नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। व्यापार के क्षेत्र में भी काफी लाभ मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा वक्त बीतेगा।

**वृषभ राशि :** मकर संक्रांति आपके भाग्य भाव को सक्रिय करेगी। सूर्य इस राशि के नौवें भाव में रहने वाले हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। भाई-बहन से लेकर माता-पिता का पूरा सहयोग मिल सकता है। पैतृक संपत्ति के माध्यम से अच्छा खासा लाभ मिल सकता है। अध्यात्म की ओर झुकाव होगा। ऐसे में कई धार्मिक यात्राओं के योग बनेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा वक्त बीतेगा।

**सिंह राशि :** सूर्य आपकी राशि के स्वामी हैं। आपकी गोचर कुंडली के छठे भाव में सूर्य गोचर करेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों को धीरे-धीरे हर क्षेत्र में सफलता हासिल हो सकती है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त हो सकती है। इसके अलावा कोई कानूनी, कोर्ट-कचहरी पर मामला चल रहा है, तो उसका फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आर्थिक स्थिति में पहले से सुधार होगा। भविष्य के लिए बचत करने में कामयाब हो सकते हैं।

**मकर राशि :** सूर्य आपकी ही राशि के लग्न भाव में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान की तेजी से वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा राजनीति या प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े जातकों को काफी लाभ मिल सकता है। आत्मविश्वास में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। सेहत में सुधार होगा। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मकर संक्रांति पर करें विशेष उपाय :** संक्रांति के दिन गंगा या अन्य पवित्र नदी में स्नान करें। इसके बाद सूर्यदेव को अर्घ्य करें। इसके लिए एक तांबे के लोटे से जल, सिंदूर और लाल फूल डालकर अर्पित करें। खिचड़ी के दिन गुड़, तिल, कंबल और खिचड़ी का दान करना करें। ऐसा करने से सूर्य देव के साथ शनि देव भी प्रसन्न होंगे।

## ठंडी हवाएं सर्दी-जुखाम का खतरा बढ़ा देती हैं और जोड़ों का दर्द भी पैदा करती हैं

# सर्दियों में गर्भवती महिलाएं खुद को ऐसे रखें स्वस्थ और गर्म, नहीं होगी कोई परेशानी

सर्दी का मौसम गर्भवती महिलाओं के लिए कई परेशानियां लेकर आता है। इस दौरान प्रतिरक्षा कमजोर हो जाती है और बच्चे व मां, दोनों के बीमार पड़ने का खतरा रहता है। ठंडी हवाएं सर्दी-जुखाम का खतरा बढ़ा देती हैं और जोड़ों का दर्द भी पैदा करती हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को अपना खास ख्याल रखना चाहिए और शरीर को गर्म रखने का प्रयास करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं सर्दियों में खुद को इन तरीकों से स्वस्थ रख सकती हैं।



### गर्म कपड़े पहनें और ठंड से बचें

बीमारियों से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप शरीर को ठंड से सुरक्षित रखें। इसके लिए आपको हमेशा गर्म कपड़े पहनकर रहना चाहिए और जितनी हो सके, उतनी लेयरिंग करनी चाहिए। अपने सिर और पैरों को भी ढककर रखें, क्योंकि उनसे ज्यादा ठंड लगती है। अपने कमरे के तापमान को गर्म बनाने के लिए हीटर का इस्तेमाल करें और कंबल या रजाई ओढ़कर रहें। दिन में जब धूप निकले तब ही बाहर के काम निपटाने की कोशिश करें।

### तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव से बचें

गर्भवती महिलाओं को अचानक गर्म से ठंडे तापमान में जाने से बचना चाहिए। इससे हाइपरथर्मिया (शरीर का ज्यादा गर्म होना) या हाइपोथर्मिया (शरीर का बहुत ज्यादा ठंडा होना) जैसी परेशानियां हो सकती हैं। घर के गर्म माहौल से बाहर के ठंडे तापमान में अचानक न जाएं और धीरे-धीरे बाहर निकलें। इससे आपका शरीर तापमान के बदलाव के मुताबिक अपने आपको ढाल लेगा और गर्मी बनाए रखेगा।

### खान-पान का ध्यान रखें

सर्दी में खान-पान का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है, ताकि पोषण मिले और गर्माहट भी बनी रहे। इस मौसम के फलों और सब्जियों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इनमें संतरे, गाजर, पालक, चुकंदर और शकरकंद शामिल हो सकती हैं। ये जरूरी विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर प्रदान करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करते हैं। ठंडी चीजें खाने और पीने से सख्त परहेज करें, वर्ना आप बीमार पड़ जाएंगी।

### दवाइयां लें और एक्सरसाइज करें

गर्भावस्था के दौरान आपको समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आप और आपका होने वाला बच्चा स्वस्थ हैं। डॉक्टर की सुझाई हुई दवाइयां समय से लें और जरूरी सावधानियां भी बरतें। अपनी नींद जरूर पूरी करें और ज्यादा काम करने से भी बचें। इस दौरान अपने शरीर को एक्सरसाइज करके सक्रिय बनाए रखें, ताकि गर्माहट भी मिलती रहे और आप सेहतमंद भी बनी रहें।

# खाने को स्वास्थ्यवर्धक बनाने के लिए अपनाएं आसान तरीके, सेहत को होगा फायदा

खाना बनाते समय हम कई बार अनजाने में ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनसे हमारा भोजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने खाने को भी स्वास्थ्यवर्धक तरीके से बनाएं। आज हम आपको कुछ ऐसे स्वास्थ्यवर्धक तरीके बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से न केवल आपका खाना स्वादिष्ट बनेगा, बल्कि इससे आपकी सेहत पर भी अच्छा असर पड़ेगा। आइए इन स्वास्थ्यवर्धक तरीकों के बारे में विस्तार से जानें।



**उबालकर खाना बनाना :** उबालकर खाना एक बहुत ही पुरानी और असरदार विधि है, जो कई पोषक तत्वों को बनाए रखती है। सब्जियों को उबालने से उनकी ताजगी और रंग भी बरकरार रहता है, जिससे खाना देखने में भी अच्छा लगता है। इस तरीके से खाना पकाने के लिए ज्यादा तेल या मसालों की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे यह सेहतमंद बनता है। उबली हुई सब्जियां न केवल स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि इनमें विटामिन्स और मिनरल्स भी अच्छी मात्रा में रहते हैं।

**भाप में पकाना :** भाप में पकाना एक ऐसी विधि है, जो आपके खाने को बिना किसी अतिरिक्त चर्बी या कैलोरी के पकाने में मदद करती है। इस तरीके से सब्जियां अच्छे से पकती हैं और उनका प्राकृतिक स्वाद भी बरकरार रहता है। भाप में पकाने से विटामिन्स और मिनरल्स भी सुरक्षित रहते हैं। इस प्रकार का खाना न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

**तलने के बजाय भूनना :** तले हुए खाने की बात करें तो यह कई लोगों को पसंद होता है, लेकिन ज्यादा तेल में तले खाने सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप तलने के बजाय भूनने का तरीका अपनाएं। सब्जियों को कम तेल में भूनने से उनका स्वाद बढ़ जाता है और पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं। इस प्रकार का खाना अधिक सेहतमंद होता है और आपकी सेहत पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

**ग्रिल करना :** ग्रिल करना एक ऐसा तरीका है, जिससे आपका खाना कम तेल में तैयार होता है, जिससे उसमें चर्बी की मात्रा कम होती है। ग्रिलिंग से खाने का स्वाद भी बढ़ता है और पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं।

# ठंड से बचाने वाले ऊन के कोट का इस तरह से रखें ध्यान, सालों-साल रहेंगे नए जैसे

ठंड से बचाने के साथ-साथ ऊन के कोट स्टाइलिश लुक भी देते हैं, लेकिन अगर इनसे जुड़ी छोटी-छोटी बातों का ध्यान न रखा जाए तो ये जल्द ही पुराने लगने लगते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने ऊन के कोट का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं। इनसे न सिर्फ आपके कोट की उम्र बढ़ेगी, बल्कि वे हमेशा नए जैसे दिखेंगे।

**कोट को धोने से पहले इन बातों का रखें ध्यान :** सबसे पहले ऊन के कोट को धोने से पहले उस पर लगे लेबल पर दी गई सफाई संबंधी निर्देशों को पढ़ें। अगर कोट पर लेबल नहीं लगा हुआ है तो उसे हाथ से ठंडे पानी और तरल साबुन से धोएं। इसके लिए पहले एक बाल्टी में ठंडा पानी लें, फिर इसमें थोड़ा तरल साबुन डालकर अच्छे से मिलाएं। अब कोट को 5-10 मिनट के लिए इसमें भिगोकर छोड़ दें। इसके बाद कोट को ठंडे पानी से धोएं।

**धोने के लिए इस चीज का करें इस्तेमाल :** ऊनी कोट को धोने के लिए आप सफेद सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक बाल्टी में पानी भरकर उसमें आधा कप सफेद सिरका डालें, फिर इसमें कोट को 5 मिनट के लिए भिगोएं। इसके बाद कोट को ठंडे पानी से धो लें। इससे न केवल कोट साफ होगा, बल्कि उसकी चमक भी बरकरार रहेगी।



सफेद सिरका ऊन के कपड़ों को नुकसान पहुंचाए बिना गंदगी को दूर कर सकता है।

**कोट को सुखाने के लिए करें ये काम :** कोट को धोने के बाद उसे सुखाने का तरीका भी अहम है। कभी भी गीला कोट सीधे धूप में न सुखाएं क्योंकि इससे उसका रंग फीका पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप गीले कोट को हवा वाले स्थान पर उलटा करके सुखाएं। इससे वह धीरे-धीरे सूखेगा और उसका रंग भी सुरक्षित रहेगा। इस प्रक्रिया से कोट की गुणवत्ता बनी रहेगी और वह लंबे समय तक नया जैसा दिखेगा।

**ब्रश का करें इस्तेमाल :** ऊनी कोट पर अक्सर बाल उभर आते हैं, जिससे उसका लुक खराब लगता है। इन बालों को हटाने के लिए आप एक मुलायम ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्रश करते समय हल्के हाथों से करें ताकि कपड़ा खराब न हो। इसके अलावा अगर कोट पर किसी तरह का दाग लग जाए तो उसे तुरंत साफ करने की कोशिश करें ताकि दाग गहरा न हो।



# जिम जाते समय न करें ऐसी गलतियां, वरना... बिगड़ सकता है फिटनेस का खेल

जिम में एक्सरसाइज करते समय कई लोग अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनसे उन्हें खुद ही नुकसान उठाना पड़ता है, खासकर अगर आप जिम में नए हैं तो गलतियां करने की संभावना अधिक होती है क्योंकि आपको एक्सरसाइज करने का सही तरीका पता नहीं होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जो जिम में एक्सरसाइज करते समय नहीं करनी चाहिए क्योंकि इनसे आपकी फिटनेस का खेल बिगड़ सकता है।

**एक्सरसाइज को गलत तरीके से करना :** जिम में एक्सरसाइज करने के दौरान सबसे बड़ी गलती एक्सरसाइज को गलत तरीके से करना है। इससे आपको फायदा कम और नुकसान ज्यादा पहुंच सकता है। सही तरीके से की गई एक्सरसाइज से मांसपेशियों पर दबाव एकसाथ पड़ता है, जबकि गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से मांसपेशियों पर एकसाथ दबाव नहीं पड़ता है। इसके अलावा गलत एक्सरसाइज करने से चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।



**पहले शरीर को तैयार करें :** जिम में एक्सरसाइज करने से पहले शरीर को तैयार करना जरूरी है। हालांकि, कई लोग ऐसा नहीं करते हैं और सीधा मशीन पर चढ़ जाते हैं। इससे शरीर पर काफी दबाव पड़ता है और चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए शरीर को तैयार करना न भूलें। इसके लिए आप हल्की दौड़ या खिंचाव कर सकते हैं। इससे आपका शरीर तैयार हो जाएगा और आप सुरक्षित तरीके से एक्सरसाइज कर सकेंगे।

**सांस लेने की गलत तकनीक अपनाना :** एक्सरसाइज करते समय सांस लेना बहुत जरूरी है। अगर आप एक्सरसाइज करते समय सांस लेने की तकनीक को ठीक से नहीं अपनाते हैं तो इससे आपको फायदा कम और नुकसान ज्यादा पहुंच सकता है। उदाहरण के लिए जब भी आप कोई भारी वजन उठाएं तो सांस छोड़ें और जब वजन उठाएं तो सांस अंदर लें।

### जिम में ज्यादा देर तक रहना

अगर आप जिम में ज्यादा देर तक रहकर एक्सरसाइज करते हैं तो ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वास्तव में ज्यादा देर तक जिम में रहना उतना लाभदायक नहीं होता, जितना कि रोजाना थोड़ी देर तक जिम में एक्सरसाइज करना। दरअसल, लंबे समय तक एक्सरसाइज करने से शरीर में तनाव हार्मोन का उत्पादन बढ़ जाता है, जो कई समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए ज्यादा देर तक जिम में न रहें।

### खाने-पीने का ध्यान न रखना

जिम में एक्सरसाइज करने के साथ-साथ खाने-पीने का ध्यान रखना भी जरूरी है। अगर आप जिम में एक्सरसाइज तो करते हैं, लेकिन खाने-पीने का ध्यान नहीं रखते हैं तो आपको इसका फायदा नहीं मिलेगा। उदाहरण के लिए अगर आप जिम में एक्सरसाइज करके भी तला-भुना खाते रहेंगे तो इससे आपका वजन बढ़ सकता है। इसके अतिरिक्त खाने-पीने में पोषक तत्वों की कमी से भी आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# सर्दियों में बनाकर खाएं और खिलाएं तरह-तरह के स्वादिष्ट लजानिया, लोग चाटते रह जाएंगे उंगलियां

### वेजिटेबल लजानिया

वेजिटेबल लजानिया उन लोगों के लिए आदर्श है, जो शाकाहारी भोजन पसंद करते हैं। इसे बनाने के लिए गाजर, शिमला मिर्च, मटर और कॉर्न आदि जैसी सब्जियों को बारीक काटकर भूनें। इसके बाद एक पैन में टमाटर की ग्रेवी बनाएं और उसमें ये सब्जियां मिलाएं। अब पास्ता शीट्स को गर्म पानी में नरम करें और एक बेकिंग डिश में एक परत लगाएं। अब सब्जी वाले मिश्रण और चीज की परतें लगाएं और बेक करें।


### पेस्तो लजानिया

पेस्तो बेजिल वाला सॉस होता है, जिसका लजानिया भी बहुत स्वादिष्ट होता है। इसके लिए बेजिल, लहसुन, परमजान चीज, जैतून का तेल, नमक और चिलगोजे के बीज पीस लें। अब सॉस को थोड़ा पकाएं और सब्जियां काट लें। लजानिया शीट्स को पानी में नरम करें और बेकिंग ट्रे पर उनकी परत बिछा दें। अब उस पर पेस्तो सॉस, सब्जियां और चीज की परतें लगाते जाएं और बेक करके आनंद लें।



### मशरूम और चीज लजानिया

मशरूम और चीज लजानिया उन लोगों के लिए बढ़िया है, जो चीजी व्यंजनों के शौकीन हैं। इसे बनाने के लिए मशरूम को बारीक काटकर भूनें, फिर उसमें क्रीम मिलाकर गाढ़ा सॉस तैयार करें। अब पास्ता शीट्स को गर्म पानी में नरम करें और एक बेकिंग डिश में एक परत लगाएं। इसके ऊपर मशरूम वाले मिश्रण, टमाटर वाले सॉस और चीज की परतें लगाएं। अंत में इसे ओवन में बेक करें, जब तक ऊपर की परत सुनहरी न हो जाए।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉमी ली जोन्स की बेटी विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!

**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से



बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है। यह संदिग्ध ओवरडोज पर मेडिकल रिस्पॉन्स का संकेत है। बताया गया है कि ऐसे मामलों में, 'रंग में बदलाव' का मतलब साइनोसिस होता है, यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें खून में ऑक्सीजन का लेवल कम होने के कारण त्वचा, होंठ या नाखूनों का रंग नीला या बैंगनी हो जाता है। रिपोर्ट में 'क्लीवलैंड क्लिनिक' का भी हवाला दिया गया है, जिसके मुताबिक, साइनोसिस अक्सर दिल या फेफड़ों की समस्याओं से जुड़ा होता है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस और सैन फ्रांसिस्को फायर ब्रिगेड दोनों ने 1 जनवरी को तड़के लगभग 2:52 बजे फेयरमोंट होटल में मेडिकल इमरजेंसी की रिपोर्ट दी।

### टॉलीवुड

## रोम में नए साल की छुट्टियां मनाकर वापस लौटे विजय-रश्मिका

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना मनोरंजन जगत के सबसे चर्चित कपल में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के लिए फैंस उत्साहित रहते हैं। अब



नए साल की छुट्टियां मनाकर दोनों भारत वापस आ गए हैं। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में दोनों को रोम में न्यू ईयर की छुट्टियां मनाते देखा गया था। हालांकि, इस दौरान कपल ने साथ में अपनी तस्वीरें साझा नहीं की थीं। क्योंकि कपल ने आज तक अपने रिश्ते को लेकर खुलकर कुछ भी नहीं बोला है और न ही स्वीकार किया है। इस बीच अब रश्मिका और विजय नए साल की छुट्टियां मनाकर वापस लौट आए हैं। दोनों को एकसाथ एयरपोर्ट पर देखा गया है। अब रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रोम से छुट्टियां मनाकर वापस लौटे हैं। दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। इस दौरान विजय जहां ब्लैक जींस, ब्लैक हाईनेक और ब्लैक लेदर जैकेट में चेहरे पर मास्क और सिर पर टोपी लगाए नजर आए। वहीं रश्मिका मंदाना भी ग्रे प्लाजो पैंट, ब्लैक जैकेट और व्हाइट कलर के हाईनेक में दिखीं। इस दौरान रश्मिका आंखों पर चश्मा और चेहरे पर ब्लैक कलर का मास्क लगाए हुए थीं। दोनों साथ में ही एयरपोर्ट से निकलते दिखे। इससे पहले दोनों की न्यू ईयर वेकेशन की तस्वीरों ने दोनों के साथ होने का संकेत दिया था। हालांकि, रश्मिका और विजय ने अलग-अलग तस्वीरें साझा की थीं और दोनों ने साथ में कोई तस्वीर साझा नहीं की थी। लेकिन दोनों की लोकेशन एक जैसी ही थी, जो रोम की थी।

### भोजपुरी

## 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर रिलीज ससुराल में आम्रपाली दुबे की दुर्गति

नई भोजपुरी फिल्म 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। विक्रांत सिंह औ र आम्रपाली दुबे खूब जंच रहे हैं। खास तौर पर आम्रपाली



दुबे का दमदार अभिनय ट्रेलर की जान बनकर उभरा है। कहानी विधि के विधान और जीवन के कर्मों पर आधारित है। एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। विक्रांत सिंह और आम्रपाली दुबे स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर एस आर के म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर जारी होते ही दर्शकों के बीच तेजी से वायरल हो रहा है। पारिवारिक रिश्तों, सामाजिक संदेश और मनोरंजन से भरपूर यह ट्रेलर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा रहा है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी संजय श्रीवास्तव ने निभाई है। ट्रेलर में पति-पत्नी और सास के रिश्तों की जटिलता को रोचक अंदाज में पेश किया गया है। खास तौर पर आम्रपाली दुबे का दमदार अभिनय ट्रेलर की जान बनकर उभरा है। उनके भाव, डायलॉग, अदायगी और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं विक्रांत सिंह भी अपने किरदार में पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में कॉमेडी, इमोशन और सामाजिक संदेश का संतुलित मिश्रण दिखाई देता है। कहानी विधि के विधान और जीवन के कर्मों पर आधारित है, जिसमें भगवान इंद्र जैसे पौराणिक तत्वों को भी रोचक ढंग से पिरोया गया है। फिल्म में हास्य के साथ-साथ जीवन के गहरे दर्शन को भी दिखाया गया है, जो इसे पारिवारिक दर्शकों के लिए खास बनाता है। गाने भी ट्रेलर में प्रभावशाली नजर आते हैं, जो पहले से ही चर्चा में हैं। निर्माता रोशन सिंह ने ट्रेलर रिलीज के बाद कहा कि 'सास बहू यमराज' एक ऐसी फिल्म है जो मनोरंजन के साथ मजबूत सामाजिक संदेश देती है। उन्होंने बताया कि विक्रांत सिंह और आम्रपाली दुबे की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आने वाली है। इनके अलावा फिल्म में समर्थ चतुर्वेदी, अयाज खान, श्रद्धा नवल, विद्या सिंह, साहिल सिद्दीकी, ऋतु चौहान, अनुषा शर्मा और दीप्ति तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### लाइफ स्टाइल

## रैंप पर मलाइका ने बिखेरा जलवा

मलाइका अरोड़ा ने डिजाइनर ड्रेस में रैंप वॉक किया। फैंस को उनका लुक, स्टाइल और वॉक काफी पसंद आई। रेड ड्रेस में वह बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। इस रैंप वॉक के बाद बैकस्टेज पर मलाइका की मुलाकात यूलिया वंतूर हुईं। अचानक यूलिया वंतूर उनके सामने आईं। मलाइका, यूलिया को देखकर चौंक गईं। इसके बाद यूलिया ने मलाइका को गले लगाया। दोनों ने काफी देर तक बातचीत की। दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग नजर आई।



## सर्दियों के लिए बेहतरीन हैं लेटेस्ट क्विल्टेड जैकेट, बनाएं अपने स्टाइल का हिस्सा

सर्दियों में गर्माहट देने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने के लिए क्विल्टेड जैकेट एक बेहतरीन विकल्प है। ये जैकेट न केवल आपको ठंड से बचाती हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाती हैं। क्विल्टेड जैकेट्स हर किसी के कपड़ों की अलमारी में होनी चाहिए क्योंकि ये किसी भी पोशाक के साथ अच्छी लगती हैं। यहां हम कुछ बेहतरीन क्विल्टेड जैकेट्स के बारे में जानेंगे, जो आपकी सर्दियों की अलमारी का हिस्सा होनी चाहिए।

**क्लासिक ब्लैक क्विल्टेड जैकेट :** क्लासिक ब्लैक क्विल्टेड जैकेट हमेशा से ही फैशन में रही है। यह जैकेट किसी भी कपड़े के साथ अच्छी लगती है और आपको एक शानदार लुक देती है। इसे आप जींस या स्कर्ट दोनों के साथ पहन सकती हैं। यह जैकेट न केवल आपको ठंड से बचाती है, बल्कि आपके स्टाइल को भी उभारती है। इसकी सादगी और सुंदरता इसे हर मौके पर पहनने लायक बनाती है, चाहे वह पार्टी हो या रोजमर्रा का उपयोग।



**हुडी क्विल्टेड जैकेट :** हुडी क्विल्टेड जैकेट आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होती हैं। ये जैकेट खासकर उन लोगों के लिए बेहतरीन हैं, जो बाहर घूमना पसंद करते हैं या किसी भी मौसम में आरामदायक महसूस करना चाहते हैं। हुडी आपके सिर को ढकता है और ठंडी हवा से बचाता है। इसे आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए पहन सकती हैं या किसी भी अनौपचारिक अवसर पर अच्छा दिखता है।

### रिवर्सेबल क्विल्टेड जैकेट

रिवर्सेबल क्विल्टेड जैकेट्स ऐसे होती हैं कि इन्हें आप दोनों तरफ से पहन सकती हैं। एक तरफ काला रंग होता है, जबकि दूसरी तरफ कोई अन्य रंग या डिजाइन होता है। इससे आप हर बार नया लुक पा सकती हैं। यह जैकेट न केवल उपयोगी है बल्कि आपके स्टाइल को भी खास बनाती है। इसे आप अलग-अलग रंगों के साथ बदलकर नए अंदाज में पहन सकती हैं, जिससे आपकी अलमारी में विविधता बनी रहती है।

### क्विल्टेड बॉम्बर जैकेट

क्विल्टेड बॉम्बर जैकेट्स युवा और चलन में दिखती हैं। इनका डिजाइन ऐसा होता है कि ये आपके पूरे शरीर को गर्माहट देती हैं। इन्हें आप जींस या स्कर्ट दोनों के साथ पहन सकती हैं। यह जैकेट न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक आकर्षक लुक भी देती है। इन सभी प्रकार की क्विल्टेड जैकेट्स आपके सर्दियों की अलमारी का अहम हिस्सा हो सकती हैं, जो आपको ठंड से बचाने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेंगी।

## ऑफिस के लिए पुरुषों के लिए चुनें ऐसे फॉर्मल परिधान, निखरेगा व्यक्तित्व

फैशन



ऑफिस के लिए कपड़े चुनते समय न केवल आराम बल्कि पेशेवर दिखना भी जरूरी होता है। सही कपड़ों का चयन आपके आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और आपको एक सकारात्मक छवि प्रस्तुत कर सकता है। आइए आज हम आपको ऐसे फॉर्मल परिधान के विकल्प देते हैं, जो न केवल आरामदायक हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। इन विकल्पों के साथ आप ऑफिस लुक को बेहतरीन बना सकते हैं और हर दिन नई ऊर्जा के साथ काम कर सकते हैं।

**सफेद शर्ट और काली पैंट :** सफेद शर्ट और काली पैंट का मेल हमेशा से ही एक पसंदीदा विकल्प रहा है। सफेद शर्ट हर रंग की पैंट के साथ जचती है और काली पैंट पेशेवर लुक देती है। इस संयोजन के साथ आप काले रंग के जूते पहन सकते हैं और एक बेल्ट भी लगा सकते हैं। यह लुक न केवल सरल बल्कि बहुत आकर्षक भी लगता है। इस तरह की ड्रेस आपको आत्मविश्वास देगी और पूरे दिन आरामदायक महसूस करवाएगी।

**नीली शर्ट और ग्रे पैंट का मेल :** नीली शर्ट और ग्रे पैंट का मेल एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। नीली शर्ट ताजगी देती है और ग्रे पैंट के साथ मिलकर एक पेशेवर छवि बनाती है। इस लुक को पूरा करने के लिए आप काले या भूरे रंग के जूतों का चयन कर सकते हैं। यह मेल न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि आरामदायक भी होता है। इस तरह की ड्रेस आपके ऑफिस लुक को खास बना सकती है।

**हल्के रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट :** हल्के रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट का मेल एक अच्छा विकल्प हो सकता है। हल्के रंग की शर्ट जैसे कि हल्का नीला या पीला गर्मियों के मौसम में ताजगी भरा महसूस कराती है, जबकि गहरे रंग की पैंट पेशेवर दिखती हैं। इस संयोजन के साथ आप भूरे या काले रंग के जूतों का चयन कर सकते हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको एक सकारात्मक छवि प्रस्तुत करता है।

**सफेद शर्ट और भूरे रंग की पैंट :** सफेद शर्ट और भूरे रंग की पैंट का मेल भी अच्छा लगता है। सफेद शर्ट हर रंग की पैंट के साथ जचती है और भूरे रंग की पैंट एक अलग अंदाज देती है। इस लुक को पूरा करने के लिए भूरे रंग के जूते अच्छे लगते हैं।

## काली जींस को स्टाइल करना लग रहा है मुश्किल तो अपनाएं आसान टिप्स

काली जींस एक ऐसा परिधान है, जो हर महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि इसे आप कई तरह के लुक्स में पहन सकती हैं। चाहे आप ऑफिस जा रही हों या दोस्तों के साथ बाहर जा रही हों, काली जींस हर मौके पर फिट बैठती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप काली जींस को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

**सफेद टी-शर्ट के साथ काली जींस का मेल :** सफेद टी-शर्ट और काली जींस का मेल हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है। यह लुक न केवल सरल है, बल्कि बहुत ही आकर्षक भी दिखता है। सफेद टी-शर्ट को काली जींस के साथ पहनकर आप एक साफ-सुथरा लुक पा सकती हैं। इस मेल को आप स्नीकर्स या बूट्स के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी स्टाइलिश लगेगा।



### ब्लेजर के साथ काली जींस का संयोजन

अगर आप ऑफिस जा रही हों या किसी फॉर्मल कार्यक्रम पर जाना हो तो ब्लेजर के साथ काली जींस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर आपके लुक को पेशेवर और स्मार्ट बनाता है। आप इसे सफेद शर्ट या ब्लाउज के साथ पहन सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इसके साथ ही हाई हील्स फुटवियर्स पहनकर आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

**क्रॉप टॉप और काली जींस का जादू :** क्रॉप टॉप के साथ काली जींस एक बहुत ही चलन में रहने वाला और आधुनिक लुक देता है। यह लुक खासकर गर्मियों में बहुत अच्छा लगता है क्योंकि यह न केवल आरामदायक होता है बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाता है। आप इसे फ्लैट्स या स्नीकर्स के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

## रोजाना ट्राउजर पहनने वाले लोग आजमाएं फैशनेबल तरीके, दिखेंगी स्टाइलिश

रोजाना ट्राउजर पहनना एक आम बात है, लेकिन इसे स्टाइलिश तरीके से पहनने के कई तरीके हैं। सही कपड़े और सही तरीके से ट्राउजर पहनने पर आप न केवल आरामदायक महसूस करेंगी, बल्कि स्टाइलिश भी दिखेंगी। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशनेबल टिप्स देंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने रोजमर्रा के लुक को खास बना सकती हैं और हर दिन नए अंदाज में नजर आ सकती हैं।

**टी-शर्ट के साथ ट्राउजर का मेल :** टी-शर्ट और ट्राउजर का मेल एक बेहतरीन तरीका है। अगर आप रोजाना टी-शर्ट पहनती हैं तो ध्यान रखें कि आपकी टी-शर्ट अच्छी फिटिंग की होनी चाहिए। ढीली टी-शर्ट के साथ ढीले पैंट न पहनें। यह आपके लुक को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा आप टी-शर्ट को



थोड़ा अंदर की ओर टक कर सकती हैं ताकि आपकी कमर दिखे और लुक ज्यादा आकर्षक लगे। रंगों का मेल भी ध्यान रखें, जैसे हल्की टी-शर्ट के साथ गहरे रंग का ट्राउजर।

**शॉर्ट कुर्ती के साथ ट्राउजर का जादू :** अगर आप पारंपरिक लुक पसंद करती हैं तो शॉर्ट कुर्ती और ट्राउजर का मेल बेहतरीन विकल्प हो सकता है। लंबी कुर्ती के साथ धोती स्टाइल ट्राउजर बहुत सुंदर लगता है। आप इसे किसी भी रंग की शॉर्ट कुर्ती के साथ पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि कुर्ती का डिजाइन सरल हो ताकि ट्राउजर की खासियत बनी रहे। इस लुक को पूरा करने के लिए हल्के गहने पहनें और बालों को खुला रखें।

**जैकेट के साथ ट्राउजर का मेल :** जैकेट के साथ ट्राउजर पहनना एक शानदार तरीका हो सकता है, खासकर ठंड के मौसम में। आप किसी भी रंग की जैकेट चुन सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि वह आपकी ट्राउजर से मेल खाती होनी चाहिए। इसके अलावा जैकेट का कपड़ा भी अहम होता है, जैसे सूती या डेनिम जैकेट आरामदायक होती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए आप हल्के गहने पहन सकती हैं और बालों को खुला रखें ताकि आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगे।

### कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश लुक तो देंगे ही, साथ ही साथ आरामदायक भी महसूस करवाएंगे

## 2026 में इन डेनिम ट्रेंड का रहेगा बोलबाला स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाकर जरूर देखें

डेनिम एक ऐसा कपड़ा है, जो कभी स्टाइल से बाहर नहीं होता। इसके स्टाइल बदलते हैं, लेकिन यह हमेशा फैशन में रहता ही है।

2026 में डेनिम में कई नए ट्रेंड देखने को मिलेंगे। आज के फैशन टिप्स में हम 5 ऐसे डेनिम ट्रेंड के बारे में जानेंगे, जो आपको 2026 में जरूर पसंद आएंगे। ये ट्रेंड आपको स्टाइलिश लुक तो देंगे ही, साथ ही साथ आरामदायक भी महसूस करवाएंगे। इन्हें आज से ही अलमारी का हिस्सा बना लें।



### रंग-बिरंगे डेनिम के कपड़े

2026 में रंग-बिरंगे डेनिम वाले कपड़ों का चलन बहुत ज्यादा देखने को मिलेगा। पारंपरिक नीले रंग के अलावा लाल, हरे, पीले और गुलाबी जैसे रंग भी लोकप्रिय होंगे। ये रंग न केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि पहनने में भी आरामदायक होते हैं। बाजार में रंग-बिरंगी डेनिम जैकेट, जींस और शर्ट उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें आप अपने अलग-अलग लुक्स के साथ मिला सकेंगे।

### फटी हुई जींस का नया अंदाज

फटी हुई जींस अब फैशन से बाहर हैं, लेकिन 2026 में इन्हें एक नए अंदाज में पेश किया जाएगा। नए ट्रेंड के अनुसार, फटे हुए हिस्से बड़े और अधिक बिखरे हुए होंगे। इससे एक अनोखा लुक मिलेगा, जो पुरुषों के बीच ज्यादा लोकप्रिय होगा। इसके अलावा फटे हुए हिस्सों पर कढ़ाई या पैचवर्क भी देखने को मिल सकते हैं, जो इन्हें और भी खास बना देंगे। यह ट्रेंड पश्चिमी देशों में ज्यादा दिखाई दे सकता है।

### बड़े आकार की जैकेट और कोट

बड़े आकार की जैकेट और कोट इस साल बहुत चलन में रहेंगे। ये न केवल आपको गर्म रखेंगे, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाएंगे। बड़े आकार की जैकेट के साथ घेरदार पैंट या स्कर्ट पहनना अच्छा रहेगा। इसके अलावा इन्हें आप जींस या लेगिंग के साथ भी मिला सकते हैं। इस तरह आप अपने अलग-अलग लुक्स के अनुसार इन्हें बदल सकते हैं। इन जैकेट और कोट में आपको आरामदायक महसूस होगा और आप हर मौके पर स्टाइलिश दिखेंगे।



### घेरदार पैंट

घेरदार पैंट 70 के दशक से लेकर अब तक कई बार फैशन में रही हैं और 2026 में इनका वापस आना तय है। घेरदार पैंट का बड़ा हिस्सा घुटनों से नीचे चौड़ा होता है, जो पैरों को लंबा दिखाता है। ये पैंट न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। इन्हें आप किसी भी टॉप या टी-शर्ट के साथ पहन सकते हैं। इन्हें ऊंची एड़ी के जूते के साथ पहनने पर आपका लुक और भी खास लगेगा।

### डेनिम एक्सेसरीज

डेनिम सिर्फ कपड़ों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एक्सेसरीज में भी नजर आएगा। इस साल डेनिम के बैग, बेल्ट और जूते आदि भी बहुत लोकप्रिय रहने वाले हैं। डेनिम के बैग बहुत ही आरामदायक होते हैं, क्योंकि ये हल्के होते हैं और ये लंबे समय तक नए जैसे रहते हैं। इसके अलावा डेनिम की बेल्ट भी बहुत ही आकर्षक लगती हैं, जिन्हें आप किसी भी पोशाक के साथ पहन सकते हैं।